साहस का मतलब यह नहीं है कि आप डरें नहीं। साहस का मतलब है कि आप डर को अपने रास्ते में आने नहीं देते।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी





Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, बुधवार 01 अप्रैल 2026 | वर्ष-35 अंक-222 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए




## ब्रीफ न्यूज

### मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक (बैंड) के 679 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस बैंड के अंतर्गत आरक्षक (बैंड) के कुल 679 पदों पर सीधी भर्ती वर्ष 2026 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया विशेष रूप से पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।

इन पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 5 अप्रैल 2026 से 19 अप्रैल 2026 तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जानकारी मध्यप्रदेश पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट mppolice.gov.in पर भी उपलब्ध है, जहाँ भर्ती से संबंधित नियम, पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक निर्देश देखे जा सकते हैं।

### रुद्राक्ष की माला बेचने वाली मोनालिसा अब कलमा पढ़ रही: तोगड़िया

**भोपाल ब्यूरों।** प्रयागराज महाकुंभ से वायरल हुई खरगोन जिले के महेश्वर क्षेत्र की रहने वाली मोनालिसा के केरल में फरमान से विवाह के बाद मामला शांत नहीं हो रहा है। अब राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। मंगलवार को भोपाल पहुंचे हिंदूवादी नेता प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि रुद्राक्ष की माला बेचने वाली मोनालिसा अब कलमा पढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में लव जिहाद चल रहा हैं। लव जिहाद को रोकने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि किसी भी बहन-बेटी को लव जिहाद का शिकार ना होने दें।

### गुजरात के सूरत में एक मकान में केमिकल ब्लास्ट के बाद आग, 5 की मौत

**सूरत।** गुजरात के सूरत के लिंबायत क्षेत्र में मीठी खाड़ी के पास स्थित एक मकान में केमिकल में विस्फोट होने से भीषण आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।

बताया गया एक घर में साड़ियों का काम होता था, जिसके चलते वहां ज्वलनशील केमिकल रखा गया था। केमिकल में अचानक ब्लास्ट होने से घर में जबरदस्त आग लग गई। इस हादसे में पांच लोग बुरी तरह झुलस गए, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल ले जाया गया।

## नालंदा विश्वविद्यालय का पतन केवल भारत नहीं, पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति थी: राष्ट्रपति

**राजगीर।** बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय ने लगभग आठ शताब्दियों तक ज्ञान के एक महान केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई थी, और इसका पतन न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति थी।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, इसका पुनरुद्धार, आधुनिक परिवेश में विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत को फिर से स्थापित करने की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रतीक है। स्नातकों को डिग्रियां प्रदान करते हुए राष्ट्पति ने कहा कि इस संस्थान के छात्रों को मानवता की एक साझी विरासत प्राप्त होती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि यहां से स्नातक होने वाले छात्रों को दो चीजें मिलती हैं — एक डिग्री और एक विरासत। जहां डिग्री उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, वहीं मानवता की जो विरासत वे यहां से पाते हैं, वह एक साझी विरासत है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष स्नातक होने वाले छात्रों में से आधे से अधिक छात्र 30 से अधिक देशों के थे।



राष्ट्रपति ने कहा, भगवान महावीर और बुद्ध ने बिहार के इसी क्षेत्र से पूरी मानवता को अहिंसा, करुणा और प्रेम का संदेश दिया था। दीक्षांत समारोह से पहले उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया, और नेट-ज़ीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की सराहना की।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, यह परिसर एक नेट-ज़ीरो परिसर बनने की अपनी यात्रा में, स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उच्च शिक्षा संस्थानों को निश्चित रूप से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री योगी की माँ के लिए अशब्द बोलने वाले मौलाना बिहार से गिरफ्तार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के लिए अशब्द कहने वाले मौलाना अब्दुल सालिम को यूपी एसटीएफ ने बिहार से गिरफ्तार किया है। बहराइच जिले की कोतवाली पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। देवीपाटन मण्डल आईजी अमित पाठक ने मंगलवार को बताया कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था।

## उज्जैन सिंहस्थ में विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर होगा भीड़ प्रबंधन, तकनीक के एमओयू हस्ताक्षरित

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महाकाल लोक बनने के बाद क्षेत्र की अर्थव्यवस्था बदली- मोहन यादव– काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सीईओ विश्व भूषण मिश्रा ने उज्जैन आयुक्त ने एमओपर पर किए हस्ताक्षर**

**वाराणसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि जिस तरह बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन हो रहा है, उसी तरह का प्रबंधन हम सिंहस्थ में भी चाहते हैं। हमारा दौरा उसी की जानकारी लेने और योजना बनाने के लिए है। सभी राज्यों में बेहतर धार्मिक पर्यटन की व्यवस्था हो, धार्मिक पर्यटन से लोगों की जिंदगी में बदलाव आए, इस पर विचार कर रहे हैं। इसके लिए मंदिर न्यास के साथ एक एमओयूहस्ताक्षरित किया गया है।




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 में भाग लेने पहुंचे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। मंदिर में विधि विधान से वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में अध्ययन भ्रमण किया।

## प्रधानमंत्री ने गुजरात को दी बीस हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात

**वैश्विक संकट के बीच भारत की स्थिरता का किया उल्लेख, कांग्रेस पर साधा निशाना**

**वाव-थराद।** गुजरात के वाव-थराद में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में सड़क, रेलवे, ऊर्जा, शहरी विकास, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, पर्यटन और ग्रामीण विकास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करना और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देना है।



अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने वैश्विक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक महीने में दुनिया के कई हिस्से युद्ध, अशांति और अस्थिरता से जूझ रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांता मजूमदार, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, सांसद अनिल बलूनी की मौजूदगी में लिएंडर पेस ने भाजपा की सदस्यता ली। पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भाजपा ने लिएंडर पेस को पार्टी में शामिल कराकर तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका दे दिया है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लिएंडर पेस का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि अब अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी भाजपा के मंच से देश की सेवा करेंगे। रिजिजू ने कहा कि देशभर में लिएंडर पेस का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 12 वर्षों में खेल और खिलाड़ियों के लिए किए गए कार्यों से प्रेरित होकर पेस ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने आगे कहा कि लिएंडर पेस जैसे दिग्गज खिलाड़ी का पार्टी में शामिल होना न सिर्फ खेल जगत, बल्कि राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने टेनिस स्टार के भाजपा में शामिल होने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि लिएंडर पेस जैसे टेनिस आइकन का पार्टी में आना भाजपा के लिए बहुत बड़ा दिन है।

### गढ़चिरौली में 30 लाख रुपये के इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में 30 लाख रुपये के इनामी नौ नक्सलियों ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें तीन पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। यह सभी छत्तीसगढ़ के इंद्रावती नेशनल पार्क में एक्टिव थे। गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय के मुताबिक़ नक्सल-फ्री इंडिया की डेडलाइन 31 मार्च थी। इसी डेडलाइन के आखिरी दिन गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष 9 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी पर 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### विश्व में शांति का संदेश लेकर थाईलैंड से अयोध्या की पदयात्रा पर निकले राजू चान

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच शांति का संदेश लेकर राजू चान थाईलैंड के अयोध्या से लेकर अयोध्या नगरी के लिए पदयात्रा पर निकले हैं। चैत्र मास की रामनवमी के अवसर पर थाईलैंड के प्रसिद्ध वाट फनंगछन मंदिर से यह दिव्य यात्रा प्रारंभ की गयी।






## असम में भाजपा के 31 वादों का संकल्प पत्र, सुरक्षित व विकसित असम पर जोर

**गुवाहाटी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए 'संकल्प पत्र' के रूप में अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने संकल्प पत्र में 31 प्रमुख वादों के माध्यम से स्वदेशी अधिकारों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, आर्थिक विकास और समावेशी प्रगति पर विशेष जोर दिया है।

गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया तथा राज्य के कई मंत्रियों की उपस्थिति में संकल्प पत्र का विमोचन किया।



इस अवसर पर सीतारमण ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने असम में व्यापक परिवर्तन लाया है, जिससे राज्य के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को गति मिली है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि पार्टी का विजन 'जाति, माटी, भेटी' की सुरक्षा पर आधारित है।

### बीसीसीआई से जुड़े एक ब्रिटिश ब्रॉडकास्ट इंजीनियर की मुंबई के होटल में मौत

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ ब्रॉडकास्ट इंजीनियर के तौर पर काम कर रहे एक ब्रिटिश नागरिक का शव मुंबई के ट्राइडेंट होटल में उनके कमरे में मिला। मृतक की पहचान इयान विलियम्स लैंगफोर्ड (76) के रूप में हुई है। इस मामले की छानबीन मरीन ड्राईव पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इयान विलियम्स लैंगफोर्ड आईपीएल मैचों की कवरेज के सिलसिले में 24 मार्च से ट्राइडेंट होटल में रुके हुए थे।

## छत्तीसगढ़ में 93 हथियार, 7.2 किलो सोना, 2.90 करोड़ नकद सहित 25 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण




**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलवाद के खात्मे की तय समय सीमा के अंतिम दिन आज मंगलवार को बस्तर आईजी सुन्दरराज पी., सीआरपीएफ के डीआईजी बी.एस. नेगी, बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष 25 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन पर 1.47 करोड़ का इनाम घोषित था।

इन नक्सलियों ने एलएमजी, एके-47, एसएलआर, इंसास सहित कुल 93 घातक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है। पहली बार नक्सलियों के पास से 2.90 करोड़ रुपये नकद और लगभग 7.2 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है। बरामद सोने की कीमत करीब 11.16 करोड़ रुपये आंकी गई है। इनके पास मिले हथियारों में 4 एके-47 और 9 एसएलआर राइफलें जैसे आधुनिक हथियार भी शामिल हैं।

## दतिया जिले में बीजेपी पार्षद की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



**दतिया।** प्रदेश के दतिया जिले में बीजेपी पार्षद की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार सुबह सादे आठ बजे जिले के सेंवढ़ा चुंगी चौराहे की है, जहाँ पर वार्ड नंबर-एक के पार्षद बीजेपी पार्षद कल्लू कुशवाहा की गोली मारकर हत्या हुई है। इसके बाद मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। कल्लू कुशवाहा रोजाना की तरह सुबह चौराहे पर मौजूद थे। तभी अचानक हमलावर वहां पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वे मौके पर ही गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# उज्जैन आईटीआई में AI-रोबोटिक्स की पढ़ाई, 2 माह की ट्रेनिंग से मिलेगा रोजगार

## UtkarshUjjain पोर्टल से युवाओं को स्किल और नौकरी का सीधा कनेक्शन, कलेक्टर ने विभागों को दिए समन्वय के निर्देश

**उज्जैन।** बदलते दौर में तकनीकी शिक्षा और रोजगार को एक साथ जोड़ने के उद्देश्य से उज्जैन जिले में बड़ा कदम उठाया गया है। आईटीआई उज्जैन में अब युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), रोबोटिक्स, ड्रोन, 3ष्ठ प्रिंटिंग और वेब 3.0 जैसी आधुनिक तकनीकों की शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ग्लोबल मार्केट के अनुरूप तैयार करना और उन्हें सीधे रोजगार से जोड़ना है।

सोमवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशासनिक संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय सभागृह में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण और रोजगार के बीच मजबूत कड़ी बनाई जाए, ताकि युवाओं को प्रशिक्षण के बाद तुरंत रोजगार मिल सके।

बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप जिले में युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी दिशा में UtkarshUjjain.com पोर्टल शुरू किया गया है, जहां आवेदक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने एमपीआईडीसी, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा जिला उद्योग केंद्र (DIC) को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और उद्योगों से संपर्क



स्थापित कर प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि केवल प्रशिक्षण देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण के बाद नौकरी सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है।

पोर्टल के माध्यम से 12वीं पास युवाओं को 2 माह का प्रशिक्षण और मूल्यांकन के बाद सोलर इंडस्ट्री में रोजगार दिया जाएगा। वहीं 10वीं पास युवाओं को 2 माह के प्रशिक्षण के बाद गारमेंट इंडस्ट्री में नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे। इस व्यवस्था से कम समय में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत आईटीआई में आधुनिक तकनीकी कोर्सों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में AI, रोबोटिक्स और ड्रोन जैसी तकनीकों में दक्षता ही युवाओं को आगे बढ़ाएगी और उन्हें राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धी बनाएगी।

बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2025-26 में आयोजित 10 रोजगार एवं स्वरोजगार युवा संगम मेलों में 1779 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया है। इसके अलावा 214 युवाओं को अप्रेंटिसशिप के अवसर प्राप्त हुए हैं, जबकि 2313 आवेदकों को स्वरोजगार से जोड़ा गया है।

इस पहल से उज्जैन जिले में रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं। आधुनिक तकनीकों की शिक्षा और उद्योगों से सीधा जुड़ाव युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़कर उन्हें स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

## अतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन 1 अप्रैल 2026

**उज्जैन।** अन्तरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर 1 अप्रेल को कालिदास अकाद?मी में 53 वे अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें फिल्म धुरंधर - 2 फेम, प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राकेश बेदी (मुंबई) आकर्षण का केन्द्र होंगे एवं देश के प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि काँव कॉव सम्मेलन में अपनी रचनाओं से धूम मचायेंगे।

अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन के सचिव श्री मनीष शर्मा एवं स्वागताध्यक्ष श्री ओम अमरनाथ खत्री ने चर्चा के दौरान बताया कि इस वर्ष 53 वाँ टेपा सम्मेलन %धुरंधर टेपा सम्मेलन %के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

प्रख्यात समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ और टेपा के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. शिव शर्मा जी की स्मृति को समर्पित इस वर्ष के टेपा सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव होंगे।

# ब्रीफ न्यूज

## बढ़ती आय के मद्देनज़र उज्जैन में बने रेल मण्डल कार्यालय

**उज्जैन।** महाकाल महालोक के कारण उज्जैन जंक्शन से पश्चिमी रेल्वे को फरवरी 26 तक दस महीनों में 41 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है और उज्जैन के शीघ्र एन .एस. जी. 2 स्टेशनों की श्रेणी में आने की संभावना है। उज्जैन में रेल्वे के अधीन काफी मात्रा में रिक्त भूमि भी उपलब्ध है और भविष्य में झालावाड़ से खंडवा और धार-झाबुआ तक नया रेल रूट भी तैयार होना है अत: बेहतर प्रशासन और नियन्त्रण के लिए उज्जैन में ही नया मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थापितहोना चाहिए। उक्त आशय का पत्र सजग उज्जैन मंच के सचिव सतीश मेहता ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा है। जानकारी सजग उज्जैन मंच के उपाध्यक्ष आशीष चौरे ने दी।

## उज्जैन मिल मजदूर संघ के आधार स्तंभ प्रकाशचंद कोठारी को 22वें पुण्य स्मरण दिवस पर श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** उज्जैन मिल मजदूर संघ के आधार स्तंभ रहे स्वर्गीय प्रकाशचंद कोठारी के 22वें पुण्य स्मरण दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मजदूर संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह भदौरिया कोषाध्यक्ष सन्तोष सुनहरे वरिष्ठ पत्रकार, पदाधिकारी, सदस्य एवं श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने स्व. कोठारी के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकाशचंद कोठारी ने अपने पूरे जीवनकाल में मजदूरों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष किया तथा संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने श्रमिकों के हित में कई उल्लेखनीय कार्य किए, जिनकी बदौलत आज भी उनका योगदान संघ और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने एवं मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि एवं स्मरण के साथ हुआ।

## गड्ढे में फंसे वाहन से 7 मवेशी पकड़ाए, तस्कर मौके से भागे

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की भालूमाड़ा पुलिस ने सोमवार-मंगलवार की रात्रि को बिना नंबर के मालवाहक वाहन से 7 मवेशियों को छुड़ाया, जिन्हें बहुत ही बेरहमी से गाड़ी में ठूंसकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन को जप्त कर मवेशियों को काजीहाउस पसान में रखाया गया तथा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध की धारा 11(घ) पशु क्रूरता अधि. म.प्र. कृषक पशु परि. अधि. 4, 6, 6(क), 9, 10, 11 एवं 66/192ए एम.व्ही एक्ट कायम किया गया है।

थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली थी कि भालूमाड़ा से जमुना की ओर मवेशियों को भरकर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने जब घेराबंदी की, तो पुलिस को देखते ही वाहन चालक ने गाड़ी पीछे भगाने की कोशिश की। इसी चक्कर में गाड़ी का पहिया एक गड्ढे में फंस गया। मौका पाकर ड्राइवर गाड़ी छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। जब पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली, तो उसमें 6 भैंसा और 1 भैंस लदे मिले। इन सभी को सुरक्षित निकालकर पसान नगरपालिका के कांजी हाउस भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई गाड़ी और मवेशियों की कुल कीमत करीब 6 लाख रुपये से ज्यादा है।

## पेड़ पर फांसी लगाकर व्यक्ति ने की खुदकुशी, पुलिस जांच में जुटी

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में मलावर थाना क्षेत्र के ग्राम आगर में मंगलवार सुबह 55 वर्षीय व्यक्ति का शव घर के सामने बाड़े में स्थित पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल ब्यावरा भेजा।

जानकारी के अनुसार मृतक नन्नूलाल पिछले तीन-चार वर्षों से गुजरात में एक फैक्ट्री में गार्ड के रूप में कार्यरत था और वहीं अपने बड़े बेटे के साथ रहता था। वह कुछ दिन पहले गुजरात से निकला था, लेकिन गांव नहीं पहुंचा। मंगलवार सुबह परिजनों ने उसे पेड़ पर लटका देखा, जिसके बाद गांव में सनसनी फैल गई।

# उज्जैन में युवक की हत्या, नग्न अवस्था में मिला शव

### शिप्रा नदी किनारे पुलिया के नीचे मिला शव, गला घोंटकर हत्या की आशंका; पहचान अब तक नहीं

**उज्जैन।** शहर में सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक युवक का शव नग्न अवस्था में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मामला भूखी माता मंदिर क्षेत्र के पास शिप्रा नदी किनारे का है, जहां मंगलवार दोपहर पुलिया के नीचे एक युवक का शव मिला।

घटना की सूचना मिलते ही महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। शुरुआती जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

पुलिस के अनुसार युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और शरीर पर मिले निशानों के आधार पर गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। शव नग्न अवस्था में मिलने से मामला और भी संदिग्ध हो गया है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि हत्या के बाद शव को पहचान छिपाने के उद्देश्य से इस हालत में छोड़ा गया हो।

घटनास्थल शिप्रा नदी किनारे सुनसान क्षेत्र में होने के कारण यह आशंका भी जताई जा रही है कि वारदात कहीं और अंजाम देकर शव यहां लाकर फेंका गया हो। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के थानों में गुमशुदगी की जानकारी मंगवाई है और शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

महाकाल थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। साथ ही, मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है।

इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी और घटना का खुलासा करने की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले में जल्द ही महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# एमबीबीएस एडमिशन के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी कानपुर पुलिस की हिरासत में

### नीलगंगा थाने में केस दर्ज, फर्जी प्रिंसिपल बनकर युवक से वसूले 4.50 लाख; जल्द उज्जैन लाया जाएगा आरोपी

**उज्जैन।** मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है, जिससे शहर में हड़कंप मच गया है। नीलगंगा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी वर्तमान में कानपुर पुलिस की हिरासत में है और उसे जल्द ही उज्जैन लाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार मंछामन गणेश कॉलोनी निवासी सतीशचंद्र पटेल, जो पेशे से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) हैं, अपने बेटे हर्ष पटेल का एमबीबीएस में एडमिशन कराना चाहते थे। इसी दौरान उनके परिचित के माध्यम से उन्हें बिहार के कटिहार स्थित मेडिकल कॉलेज में सीट खाली होने की जानकारी दी गई।

बताया गया कि एक छात्र की मृत्यु के कारण एनआरआई कोटे की सीट खाली हुई है और एडमिशन तुरंत कराया जा सकता है। इसके बाद उन्हें एक व्यक्ति का नंबर दिया गया, जिसने खुद को कॉलेज का प्रिंसिपल आर.बी. गुप्ता बताया। आरोपी ने ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए एडमिशन पैकेज भेजा और नीट स्कोर कार्ड, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज मांगे।

इसके साथ ही आरोपी ने दो बैंक खातों में राशि जमा कराने को कहा।

# महाकाल मंदिर में भस्म आरती, राजा स्वरूप में सजे बाबा महाकाल

### पंचामृत अभिषेक के बाद रजत आभूषणों से हुआ भव्य श्रृंगार, भस्म अर्पण के साथ गूंजा मंदिर परिसर

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार तड़के भस्म आरती के दौरान भक्ति और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सुबह ठीक 4 बजे मंदिर के कपाट खोले गए और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की शुरुआत हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अलौकिक आरती के साक्षी बने और बाबा महाकाल के दर्शन कर स्वयं को धन्य किया।

कपाट खुलते ही सबसे पहले भगवान महाकाल का 'हरी ओम' जल से अभिषेक किया गया। इसके बाद दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से तैयार पंचामृत से विधिवत पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान गर्भगृह में मंत्रोच्चार और वैदिक रीति से पूजा की गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का आकर्षक और भव्य श्रृंगार किया गया। उन्हें रजत चंद्र, त्रिशूल और त्रिपुंड के साथ ड्रायफ्रूट से सुसज्जित कर राजा स्वरूप में सजाया गया। इसके साथ



ही भगवान को रजत शेषनाग मुकुट, रजत मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की मालाएं धारण कराई गईं। इस दिव्य श्रृंगार ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नंदी हॉल में भी विशेष पूजन हुआ, जहां नंदी जी का स्नान, ध्यान और विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भगवान महाकाल को फल और मिष्ठान का भोग अर्पित किया गया। भस्म आरती के दौरान झांझ, मंजीरे और डमरू की गूंज से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। भक्त 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ भक्ति में लीन नजर आए। इस दौरान महा निर्वाणी अखाड़ा की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। धार्मिक मान्यता है कि भस्म अर्पण के पश्चात भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।

# महाकाल मंदिर मार्ग चौड़ा करने 12 मकानों पर चला बुलडोजर

### स्मार्ट सिटी और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई, बेगमबाग से स्मार्ट पार्किंग तक हटाए गए अवरोध

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई तेज हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को महाकाल मंदिर मार्ग पर बाधा बन रहे 12 मकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें हटाया गया। यह कार्रवाई नगर निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

बताया गया कि बेगमबाग क्षेत्र से लेकर स्मार्ट पार्किंग तक का रास्ता संकरा होने के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। त्योहारों और विशेष अवसरों पर यहां अत्यधिक भीड़ होने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। इसी समस्या को देखते



हुए प्रशासन ने मार्ग चौड़ीकरण का निर्णय लिया।

मंगलवार सुबह नगर निगम और स्मार्ट सिटी की टीम मौके पर पहुंची और पहले से चिन्हित किए गए अवैध या बाधक निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। जेसीबी मशीनों की मदद से कुल 12 मकानों को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

प्रशासन का कहना है कि यह कदम श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है। महाकाल मंदिर देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मार्ग चौड़ा होने से न केवल भीड़ प्रबंधन आसान होगा, बल्कि श्रद्धालुओं को भी सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

अधिकारियों के अनुसार, इस क्षेत्र में लंबे समय से सड़क संकरी होने की समस्या बनी हुई थी। कई बार जाम की स्थिति भी बन जाती थी, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब मार्ग चौड़ा होने के बाद यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सकेगा।

हालांकि, कार्रवाई के दौरान प्रभावित मकान मालिकों में कुछ नाराजगी भी देखने को मिली। कई लोगों का कहना था कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया, जबकि प्रशासन का दावा है कि पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे और नियमों के तहत ही कार्रवाई की गई है।

नगर निगम और स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर के विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उनका कहना है कि उज्जैन को एक सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

इस कार्रवाई के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि महाकाल मंदिर मार्ग पर यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और श्रद्धालुओं को पहले से अधिक सुविधा मिलेगी।

# उज्जैन में भगवान महावीर जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर

### श्वेतांबर-दिगंबर समाज ने मिलकर निकाला जुलूस, हजारों श्रद्धालु शामिल; जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

**उज्जैन।** सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव शहर में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। मंगलवार सुबह पारंपरिक रूप से निकाली गई विशाल शोभायात्रा में हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। पूरे शहर में 'जय महावीर' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा की शुरुआत नमकमंडी स्थित जैन मंदिर से हुई, जहां भगवान महावीर को चांदी की सजी हुई वेदी में विराजमान कर श्रद्धालुओं ने कंधों पर उठाया। इस दौरान श्वेतांबर और दिगंबर समाज के लोगों ने एकजुट होकर उत्सव को विशेष रूप दिया। जुलूस में जैन संत-साध्वियां, 24 तीर्थंकरों के आकर्षक चित्र, बैंड-बाजे, डीजे और पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिला मंडल शामिल रहे।

शोभायात्रा में युवक-युवतियां और महिलाएं पारंपरिक परिधान में भजन गाते और नृत्य करते नजर आए। जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए जलपान और सेवा शिविर भी लगाए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं



को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

यह भव्य जुलूस नमकमंडी, छोटा सराफा, सती गेट, कंठाल, फव्वारा चौक, इंदौर गेट, सखीपुरा, घी मंडी, तोपखाना, उपकेश्वर चौराहा और बंसफोड़ गली होते हुए खाराकुआं मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली और शहर का माहौल पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा रहा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व मंत्री पारस चंद जैन और नारायण यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान महावीर के सिद्धांतों—अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह—को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

शोभायात्रा की खास बात यह रही कि कई श्रद्धालु नंगे पांव भगवान का रथ खींचते नजर आए, जो उनकी आस्था और भक्ति का प्रतीक था। जुलूस में हाथी, बग्घी, ढोल-नगाड़े और बैंड-बाजों ने उत्सव की भव्यता को और बढ़ा दिया।

शाम को श्री महावीर तपोभूमि पर भी विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। आचार्य प्रज्ञा सागर के आशीर्वाद से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक, शांति धारा, वात्सल्य भोज और शाम 7 बजे पालना झुलाने का कार्यक्रम आयोजित होगा। अंत में महाआरती के साथ जन्मोत्सव का समापन किया जाएगा।

इस आयोजन ने एक बार फिर उज्जैन की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को दर्शाया है, जहां समाज के सभी वर्गों ने मिलकर उत्सव को यादगार बना दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### भोपाल के आसमान में दिखा अद्भुत नजारा, चांद के चारों ओर बना चमकदार घेरा

**22-डिग्री लूनर हेलो से मंत्रमुग्ध हुए शहरवासी, बर्फ के क्रिस्टल से बनता है यह दुर्लभ खगोलीय दृश्य**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के आसमान में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात एक दुर्लभ और मनमोहक खगोलीय दृश्य देखने को मिला, जिसने शहरवासियों को हैरान और रोमांचित कर दिया। चांद के चारों ओर एक गोलाकार चमकदार घेरा नजर आया, जिसे वैज्ञानिक भाषा में 22-डिग्री लूनर हेलो कहा जाता है।

यह दृश्य रात के समय कई इलाकों में साफ दिखाई दिया और लोगों ने इसे अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया। अचानक आसमान में दिखे इस अनोखे नजारे को देखकर कई लोग हैरान रह गए, जबकि कुछ लोगों ने इसे शुभ संकेत भी माना।

आंचलिक विज्ञान केंद्र के क्यूरेटर साकेत सिंह कौरव ने इस घटना के पीछे का वैज्ञानिक कारण बताया। उन्होंने कहा कि यह खगोलीय घटना तब बनती है, जब चांद की रोशनी ऊंचाई पर मौजूद पतले बादलों में फैले सूक्ष्म बर्फ के क्रिस्टलों से होकर गुजरती है। ये क्रिस्टल प्रिज्म की तरह काम करते हैं और चांद की रोशनी को एक निश्चित कोण पर मोड़ देते हैं।

उन्होंने बताया कि जब यह रोशनी लगभग 22 डिग्री के कोण पर अपवर्तित होती है, तब चांद के चारों ओर एक गोल घेरा बनता है, जिसे लूनर हेलो कहा जाता है। हवा में मौजूद बर्फ के ये कण अलग-अलग दिशाओं में होते हैं, लेकिन केवल वही क्रिस्टल इस प्रभाव को पैदा करते हैं, जो सही कोण पर स्थित होते हैं और प्रकाश को हमारी आंखों तक पहुंचाते हैं।

इस दौरान कई बार घेरे के अंदर हल्की लाल आभा और बाहरी किनारों पर नीली चमक भी दिखाई देती है। यह प्रकाश के विभिन्न रंगों के विभाजन के कारण होता है, जो इस दृश्य को और भी आकर्षक बना देता है।

### भोपाल में सड़क निर्माण के चलते बदली ट्रैफिक व्यवस्था, मुख्य मार्ग बंद

**डीआईजी बंगला से गणेश मंदिर कालीपरेड तक मार्ग बंद, वाहनों को डायवर्ट कर वैकल्पिक रूट तय**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में सड़क निर्माण कार्य के चलते यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। लोक निर्माण विभाग (क्कङ्खष्ठ) द्वारा डीआईजी बंगला क्षेत्र से गणेश मंदिर कालीपरेड तक सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसके कारण इस मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

प्रशासन के अनुसार, जेपी नगर तिराहा से गणेश मंदिर कालीपरेड तक का रास्ता निर्माण कार्य पूरा होने तक आम वाहनों के लिए बंद रहेगा। इस दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं, जिनका उपयोग करने की अपील की गई है।

यातायात पुलिस ने बताया कि इस मार्ग से गुजरने वाले हल्के वाहनों को अब भोपाल टॉकीज होते हुए डीआईजी बंगला मार्ग से डायवर्ट किया जा रहा है। इससे शहर के भीतर यातायात का दबाव नियंत्रित रखने की कोशिश की जा रही है।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में एमपी का दम, 5 किमी दौड़ में दो पदक जीते

**भोपाल/रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एथलेटिक्स में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। 5 हजार मीटर (5 किमी) दौड़ में प्रदेश के खिलाड़ियों ने दो पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है।

महिला वर्ग की 5 किमी दौड़ में मध्यप्रदेश की धाविका आरती डावर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने शुरुआत से ही संतुलित और रणनीतिक दौड़ लगाई तथा अंतिम चरण में शानदार गति पकड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन ने दर्शकों और खेल विशेषज्ञों को प्रभावित किया।

वहीं पुरुष वर्ग की 5 किमी दौड़ में रंगलाल डोडियार ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश की झोली में एक और उपलब्धि जोड़ी। उन्होंने कड़े मुकाबले के बीच धैर्य और दृढ़ता का परिचय देते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि को भी प्रदेश के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है। इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

# भोपाल में घूरने पर विवाद, युवक पर चाकू से हमला

### रंभा नगर में 6 आरोपियों ने किया हमला, पेट और हाथ में तीन वार; हमीदिया अस्पताल में इलाज जारी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां घूरने की बात को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना रंभा नगर क्षेत्र की है, जहां सोमवार देर रात 6 लोगों ने मिलकर युवक के साथ मारपीट की और उस पर चाकू से हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार, युवक किसी काम से इलाके में मौजूद था, तभी कुछ लोगों के बीच घूरने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते यह कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान हमलावरों ने युवक को घेर लिया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए।

हमले में युवक के पेट और हाथ में कुल तीन गंभीर चोटें आई हैं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल युवक को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में हत्या के



प्रयास (Attempt to Murder) का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि विवाद बेहद मामूली बात से शुरू हुआ था, लेकिन आरोपियों ने इसे हिंसक रूप दे दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, जिससे आरोपियों की पहचान और घटनाक्रम स्पष्ट हो सके।

इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती हिंसा चिंता का विषय बनती जा रही है। उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी विवाद की स्थिति में हिंसा का सहारा न लें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### एमपी में टीईटी अनिवार्यता पर बड़ा आंदोलन, 12 शिक्षक संगठन एकजुट

भोपाल। मध्यप्रदेश में टीईटी (Teacher Eligibility Test) अनिवार्यता को लेकर चल रहा विवाद अब बड़े आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। प्रदेश के 12 प्रमुख शिक्षक संगठनों ने अलग-अलग विरोध की बजाय अब एकजुट होकर 卐अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा卐 का गठन कर लिया है और सरकार के खिलाफ संगठित संघर्ष छेड़ने की तैयारी कर ली है।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि यह मुद्दा अब केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नौकरी की सुरक्षा, सेवा शर्तों और भविष्य से जुड़ा हुआ है।

# भोपाल में थमा गैस का 'पैनिक', बुकिंग 14 हजार से घटकर 11 हजार

### अफवाहों के कारण लोगों ने जमा किए अतिरिक्त सिलेंडर, बैरागढ़ में 50 सिलेंडर जब्त; प्रशासन ने की अपील

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर बना 'पैनिक' अब धीरे-धीरे खत्म होता नजर आ रहा है। बीते दिनों जहां रोजाना गैस बुकिंग 14 हजार के पार पहुंच गई थी, वहीं अब इसमें गिरावट दर्ज की गई है और बुकिंग घटकर करीब 11 हजार रह गई है।

प्रशासन के अनुसार, यह स्थिति गैस की वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों के चलते पैदा हुई थी। लोगों ने डर के कारण अतिरिक्त सिलेंडर बुक कर अपने घरों में जमा कर लिए थे, जिससे अचानक मांग बढ़ गई और आपूर्ति पर दबाव बना।

फूड कंट्रोल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो



दिनों से स्थिति सामान्य होने लगी है और लोगों में घबराहट कम हुई है। इसके चलते गैस बुकिंग में भी कमी आई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। इसी बीच प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बैरागढ़ क्षेत्र से 50 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। जांच में सामने आया कि ये सिलेंडर नियमों के विरुद्ध जमा किए गए थे। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाई जा सके।

फूड कंट्रोलर ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही गैस सिलेंडर बुक करें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से सिलेंडर जमा करने से अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है और बाजार में कृत्रिम संकट पैदा हो सकता है।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और नियमित रूप से सप्लाई जारी है। इसलिए किसी भी तरह की घबराहट की आवश्यकता नहीं है।

इस घटना ने यह जरूर दिखाया कि अफवाहें किस तरह से सामान्य स्थिति को भी प्रभावित कर सकती हैं। प्रशासन अब ऐसी अफवाहों पर नजर बनाए हुए है और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारी के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने की तैयारी में है।

फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि लोग संयम बनाए रखें और सही जानकारी पर भरोसा करें, तो इस तरह की स्थिति दोबारा नहीं बनेगी।

# एसीएस स्मिता भारद्वाज और आईजी हिमानी खन्ना आज रिटायर

**स्मिता भारद्वाज के बाद सचिन सिन्हा बनेंगे नए एसीएस, सागर रेंज में नए आईजी की नियुक्ति जल्द**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक और पुलिस महकमे में आज बड़ा बदलाव होने जा रहा है। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की अध्यक्ष और अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज तथा सागर रेंज की आईजी हिमानी खन्ना आज सेवानिवृत्त हो रही हैं। उनके रिटायरमेंट के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर फेरबदल की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

स्मिता भारद्वाज के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशासन अकादमी में पदस्थ प्रमुख सचिव सचिन सिन्हा को नया अपर मुख्य सचिव बनाए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल को भी नया अध्यक्ष मिलेगा, जिससे शिक्षा विभाग में नई जिम्मेदारियों का निर्धारण होगा।

स्मिता भारद्वाज ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा और प्रशासनिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। माशिमं में उनके नेतृत्व में कई सुधारात्मक कदम उठाए गए, जिससे परीक्षा प्रणाली और परिणामों में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया गया। उनके रिटायरमेंट के बाद अब नए नेतृत्व के सामने इन व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने की चुनौती होगी।

वहीं, सागर रेंज की आईजी हिमानी खन्ना के रिटायरमेंट के बाद पुलिस विभाग में भी बदलाव तय है। सागर रेंज में नए आईजी की पोस्टिंग जल्द की जाएगी।

# भोपाल में करंट लगने से मजदूर की मौत, मार्बल घिसाई के दौरान हादसा

**कोहेफिजा क्षेत्र में मशीन के कटे तार से लगा करंट, राजगढ़ निवासी सोनू वर्मा की गई जान**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के कोहेफिजा क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब मजदूर मार्बल की घिसाई का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि जिस मशीन का उपयोग किया जा रहा था, उसमें कटा हुआ तार लगा था, जिससे यह हादसा हुआ।

मृतक की पहचान सोनू वर्मा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से राजगढ़ जिले का निवासी था। वह भोपाल में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। हादसे के बाद साथी मजदूरों ने तुरंत उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काम के दौरान अचानक मशीन में करंट दौड़



गया और सोनू वर्मा उसकी चपेट में आ गया। करंट इतना तेज था कि वह मौके पर ही अचेत हो गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में मशीन के तार के कटे होने की बात सामने आई है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते यह दुर्घटना हुई।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में मातम पसर गया है। परिजनों का कहना है कि यदि सुरक्षा के उचित इंतजाम होते, तो यह हादसा टाला जा सकता था।

इस घटना ने एक बार फिर निर्माण और श्रमिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली से जुड़े उपकरणों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए और समय-समय पर मशीनों की जांच जरूरी है।

स्थानीय लोगों और मजदूर संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए और श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस हादसे में लापरवाही किस स्तर पर हुई।

# मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी, 16 जिलों में अलर्ट, 3 अप्रैल तक सक्रिय रहेंगे दो सिस्टम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मार्च के आखिर में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी है। सोमवार को जहां 8 जिलों में ओलावृष्टि हुई, वहीं 20 से ज्यादा जिलों में तेज हवा और बारिश देखने को मिली। हालांकि कुछ इलाकों में गर्मी भी बरकरार रही और नर्मदापुरम व खजुराहो में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, टर्फ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के एक्टिव होने से प्रदेश का मौसम बदला है और 3 अप्रैल तक ऐसे ही हालात बने रह सकते हैं। आज मंगलवार को भी प्रदेश में मौसम का यही मिला-जुला



रूप देखने को मिल सकता है। अगले 24 घंटों के लिए ग्वालियर समेत 16 जिलों में गरज-चमक, तेज हवाओं और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट शामिल हैं। यहां 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना है।

सोमवार को उज्जैन, नीमच, मंदसौर, बैतूल, धार और सीहोर में ओले गिरे। इसके अलावा भोपाल, मैहर, श्योपुर, छिंदवाड़ा, रतलाम, शाजापुर, आगर-मालवा, खंडवा, देवास, खरगोन, पांढुर्णा, सिवनी और अनूपपुर समेत कई जिलों में कहीं बारिश तो कहीं तेज हवा और बादलों का असर रहा। मौसम विभाग ने यह भी संकेत दिए हैं कि 2 अप्रैल को एक और नया सिस्टम सक्रिय हो सकता है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के उत्तर-पश्चिम भारत में प्रभाव के चलते मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम बदलने की संभावना है।

बारिश और आंधी से पहले सोमवार को प्रदेश में तेज गर्मी भी महसूस की गई।

# भोपाल में कल से महंगी होगी प्रॉपर्टी, रजिस्ट्री ऑफिस में उमड़ी भीड़

**740 लोकेशन पर बढ़ेंगी कलेक्टर गाइडलाइन दरें, पुराने रेट पर रजिस्ट्री कराने के लिए आज 400+ रजिस्ट्री का अनुमान**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में 1 अप्रैल से प्रॉपर्टी खरीदना महंगा होने जा रहा है। शासन द्वारा कलेक्टर गाइडलाइन दरों में वृद्धि किए जाने के बाद अब शहर की सैकड़ों लोकेशन पर जमीन और मकानों के सरकारी रेट बढ़ जाएंगे। नई दरें लागू होने से पहले रजिस्ट्री कराने के लिए मंगलवार को रजिस्ट्रार ऑफिसों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली।

जानकारी के अनुसार, भोपाल में कुल 2177 लोकेशन में से करीब 740 स्थानों पर कलेक्टर गाइडलाइन बढ़ाई जा रही है। इसका सीधा असर प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री पर पड़ेगा, क्योंकि रजिस्ट्री शुल्क और स्टांप ड्यूटी इन गाइडलाइन दरों के आधार पर ही तय होती है।

नई दरें लागू होने से पहले लोग पुराने रेट पर ही रजिस्ट्री कराने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इसी वजह से मंगलवार को रजिस्ट्रार कार्यालयों में असामान्य भीड़ उमड़ पड़ी। खासतौर पर आईएसबीटी स्थित रजिस्ट्रार ऑफिस में सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं।

अधिकारियों के अनुसार, आज एक दिन में 400 से ज्यादा रजिस्ट्री होने का अनुमान है, जो सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक है। रजिस्ट्री कराने आए लोगों का कहना है कि गाइडलाइन बढ़ने से उन्हें अधिक खर्च करना पड़ेगा, इसलिए वे पहले ही प्रक्रिया पूरी कर लेना चाहते हैं।

प्रशासन ने रजिस्ट्रार कार्यालयों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों को अतिरिक्त समय तक काम करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों की रजिस्ट्री समय पर पूरी हो सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि गाइडलाइन दरों में वृद्धि से रियल एस्टेट बाजार पर मिश्रित प्रभाव पड़ेगा। जहां एक ओर सरकार को राजस्व में बढ़ोतरी होगी, वहीं दूसरी ओर प्रॉपर्टी खरीदने वालों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा।

रियल एस्टेट कारोबारियों का कहना है कि गाइडलाइन बढ़ने के बाद कुछ समय के लिए बाजार में सुस्ती आ सकती है, लेकिन लंबे समय में यह बदलाव बाजार को स्थिरता प्रदान करेगा।

# मप्र में इन बैंकों के एटीएम इस्तेमाल करने वालों के लिए एक अप्रैल से बड़ा झटका

**बढ़ेंगे चार्ज, बदले नियमों का सीधा असर लाखों ग्राहकों पर**

**भोपाल।** नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ आम बैंक ग्राहकों के लिए एक अहम बदलाव होने जा रहा है, जोकि सीधे उनकी रोजमर्रा की बैंकिंग आदतों को प्रभावित करेगा। एक अप्रैल से देश के कई प्रमुख बैंकों ने एटीएम ट्रांजैक्शन से जुड़े नियमों में बदलाव करने का फैसला किया है। इनमें एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बंधन बैंक शामिल हैं। इन बदलावों के बाद अब एटीएम से बार-बार पैसे निकालना पहले की तुलना में महंगा पड़ेगा और ग्राहकों को अपने लेनदेन की बेहतर योजना बनानी होगी, जिसका कि असर मप्र में लाखों लोगों पर पड़ने जा रहा है, जिनका कि इन बैंकों में खाता है।

दरअसल, बैंकों ने फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट, कैश निकासी सीमा और अतिरिक्त ट्रांजैक्शन पर लगने वाले शुल्क में बदलाव किया है। अब तक ग्राहक अपने बैंक के एटीएम से हर महीने पांच मुफ्त ट्रांजैक्शन कर सकते थे और यह व्यवस्था जारी रहेगी, लेकिन इसके बाद किए गए हर अतिरिक्त ट्रांजैक्शन पर शुल्क




देना अनिवार्य होगा। मेट्रो शहरों में अन्य बैंकों के एटीएम पर तीन और नॉन-मेट्रो शहरों में पांच मुफ्त ट्रांजैक्शन की सीमा तय है, जिसके बाद चार्ज लागू हो जाता है।

सबसे बड़ा असर उन ग्राहकों पर पड़ेगा जो बार-बार छोटे-छोटे अमाउंट निकालते हैं या अलग-अलग एटीएम का इस्तेमाल करते हैं। नए नियमों के तहत फ्री लिमिट खत्म होने के बाद हर ट्रांजैक्शन पर करीब 23 रुपये तक का शुल्क देना होगा, जिस पर जीएसटी अलग से लगेगा। पहले यह शुल्क लगभग 21 रुपये था, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। देखने में यह बढ़ोतरी मामूली लग सकती है, लेकिन महीनेभर में कई बार एटीएम इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों के लिए यह अतिरिक्त खर्च काफी बढ़ सकता है।

इन बदलावों में सबसे दिलचस्प पहलू एचडीएफसी बैंक का है, जिसने यूपीआई आधारित कार्डलेस कैश निकासी (आईसीसीडब्ल्यू) को लेकर नियम बदल दिए हैं। अब तक यूपीआई के जरिए एटीएम से निकाला गया कैश फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट से अलग गिना जाता था, लेकिन एक अप्रैल से यह भी उसी लिमिट में शामिल होगा। यानी अब ग्राहक चाहे डेबिट कार्ड से पैसे निकालें या यूपीआई के जरिए, दोनों ही स्थिति में ट्रांजैक्शन की गिनती एक ही होगी। इससे उन ग्राहकों पर ज्यादा असर पड़ेगा, जो डिजिटल माध्यम से कैश निकालने को प्राथमिकता देते थे। इसके अलावा बैंक ने समय से जुड़ा एक नया नियम भी लागू किया है, जिसके तहत शाम 7ः30 बजे के बाद किया गया ट्रांजैक्शन अगले दिन के खाते में जोड़ा जाएगा। महीने के आखिरी दिन किए गए ऐसे ट्रांजैक्शन अगले महीने की फ्री लिमिट में शामिल हो सकते हैं।

वहीं पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने ग्राहकों के लिए डेबिट कार्ड से जुड़ी कैश निकासी सीमा में बड़ा बदलाव किया है। बैंक ने कई कार्ड कैटेगरी में दैनिक निकासी सीमा को कम कर दिया है।

संपादकीय

# इजरायल- ईरान युद्ध से वैश्विक आर्थिक महामंदी ?

## दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था, महंगाई बेरोजगारी के कारण संकट में

अमेरिका-इजराईल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण सारी दुनिया के देश आर्थिक महामंदी के शिकार होने जा रहे हैं। इस मंदी का बड़ा असर होने जा रहा है। जिसकी कल्पना कर पाना भी संभव नहीं है। एक माह से चल रहे, इस युद्ध के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति वैश्विक स्तर पर प्रभावित हुई है। ईरान की हार्मोज में नाकाबंदी के बाद दुनिया के सभी देशों का संकट बढ़ता जा रहा है। महंगाई बढ़ रही है, ऊर्जा संकट का असर कारोबार और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा है, जिसके कारण बेरोजगारी भी तेजी के साथ बढ़ रही है। कच्चे तेल और गैस के दाम लगातार बढ़ने से सभी देशों की अर्थ व्यवस्था गड़बड़ा रही है। इसका असर सरकारों के राजस्व पर भी देखने को मिल रहा है। आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। महंगाई के कारण आम लोग अपने जीवन की जरूरी चीजों को नहीं खरीद पा रहे हैं। भारत सरकार ने पहली बार अर्थव्यवस्था को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। यह माना जा रहा है, भारत सरकार को अपने बजट को संशोधित करना पड़ेगा।

युद्ध खत्म होने के स्थान पर और भी तेज होता जा रहा है। दुनिया भर के देशों में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। कच्चे तेल की सप्लाई घटकर मात्र 10 फ़ीसद रह गई है। जिसके कारण सारी व्यवस्था वैश्विक स्तर पर गड़बडा गई है। सारी दुनिया के देशों की आर्थिक स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल हो रही हैं। इसका असर शेयर बाजार और बैंकिंग व्यवस्था पर भी देखने को मिलने लगा है। शहरों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। पेट्रोल, डीजल, गैस और बिजली संकट का असर सभी क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु के सिर में जिस तरह से युद्ध का पागलपन सवार है, इसका असर सारी दुनिया के देशों पर पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही टैरिफ-वार के माध्यम से सारी दुनिया के देशों में हड़कंप मचाया। जिसका असर महंगाई और अर्थव्यवस्था पर पड़ा। ट्रंप की नीतियों के कारण अमेरिका में भी महंगाई और बेरोजगारी तेजी के साथ बढ़ी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 3300 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो रहा है। करीब 90 लाख लोग सड़कों पर उतर आए हैं। अमेरिका की जनता ट्रंप से नाराज है। डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी के सांसद भी नाराज हैं। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से युद्ध को भड़का रहे हैं, रोजाना तरह-तरह के बयान दे रहे हैं, उसके बाद सारी दुनिया में उन्हें एक साइको और पागल नेता के रूप में देख रही है। ट्रंप के अहंकार से स्थितियां और भी विकराल होती जा रही हैं। इस युद्ध में जिस तरह से अमेरिका के खिलाफ रूस, चीन, ईरान, उत्तर कोरिया सहित सैकड़ों देश अमेरिका के विरोध में खड़े हो गए हैं। उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल इंजन का सफल परीक्षण कर लिया है। सभी देशों में युद्ध का असर पड़ रहा है। डॉलर मुद्रा को वैश्विक स्तर पर चुनौती मिल रही है। पिछले एक माह से सारी दुनिया के देशों में माल की आवाजाही प्रभावित हुई है। कई देशों में खाद्य-संकट देखने को मिल रहा है। दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमेरिका इस समय अंतर्राष्ट्रीय और आंतरिक दृष्टि से सबसे कमजोर नजर आ रहा है। अमेरिका और इजराईल ने सैन्य उपकरणों और सैन्य व्यवस्था को लेकर, दुनिया के देशों के सामने जो हौआ खड़ा करके दादागिरी करते थे, ईरान युद्ध में उनका पर्दाफाश हो गया है। अमेरिका और इजराईल के महंगे सैन्य उपकरण और सुरक्षा व्यवस्था को ईरान ने तबाह कर दिया है। ईरान ने उन सभी दावों को चुनौती देते हुए जिस तरह से इजराईल और अरब देशों के अमेरिकी सैन्य अड्डों को ध्वस्त किया है, उसके बाद अमेरिका और इजराईल की जो दादागिरी थी, वह एक तरह से खत्म होने के कगार पर खड़ी है। जो देश इस युद्ध में शामिल नहीं है, उन्हें भी कई मोर्चे में संघर्ष करना पड़ रहा है। उन देशों में भी महंगाई- बेरोजगारी के साथ आर्थिक संकट बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था का संकट वैश्विक स्तर पर जिस तरह से देखने को मिल रहा है, आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है जल्द ही वैश्विक स्तर पर महामंदी फैलने का खतरा बन गया है। दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी के कारण अर्थ व्यवस्था का वर्तमान स्वरूप पूरी तरह से छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वैश्विक व्यापार संधि के बाद दुनिया के देशों में जिस तरह से विकास, बाजारवाद एवं कर्ज के माध्यम से आर्थिक विकास हुआ था, उसके कारण वर्तमान स्थिति में सभी देशों के ऊपर भारी कर्ज है। सभी देशों की अर्थ व्यवस्था में बड़ा दबाव है। रही-सही कसर इस युद्ध ने पूरी कर दी है। 1 माह में सभी दुनिया के देशों को ऊर्जा संकट और व्यापारिक गतिविधियों को जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई जल्द संभव नहीं होगी। युद्ध जल्दी ही बंद नहीं हुआ, तो इसके भीषण परिणामों की कल्पना नहीं की जा सकती है। इससे सारी दुनिया के देशों की चिंता बढ़ती चली जा रही है। सारी दुनिया के देशों में मंहगाई, बेरोजगारी और सामानों की उपलब्धता को लेकर अराजकता का माहौल बन रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है, सामाजिक विकास में आर्थिक व्यवस्था का सबसे बड़ा योगदान होता है। पिछले 30 वर्षों में जिस तरह से बाजारवाद का असर सारी दुनिया के देशों में हुआ है। कर्ज की अर्थव्यवस्था सारी दुनिया के देशों में फैली है। इसका बुरा असर जल्द ही सारी दुनिया को आर्थिक महामंदी के रूप में देखने को मिल सकता है।

**सनत जैन**

राज काज

### बलात्कार पीड़िता की मां को टिकट

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने रेप पीड़िता की मां को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा कैसे चुनाव जीता जाता है। यह अच्छी तरह से जानती है। आरजी मेडिकल कॉलेज में जिस पीड़िता की जान गई। उसके नाम पर लोकसभा का चुनाव जीत लियाइअब भावात्मक रूप से विधानसभा का चुनाव जीतने भाजपा ने मां को चुनाव मैदान में उतार दिया है। चुनाव कैसे जीतना है, इसमें भाजपा मास्टर है। भावात्मक मुद्दों पर ही भाजपा चुनाव जीत पाती है।

### शंकराचार्य नहीं होंगे गिरफ्तार

लगता है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिन ठीक नहीं चल रहे हैं। वह शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज को जेल भेजकर, गौरक्षा आंदोलन से बचना चाहते थे। हाईकोर्ट ने शंकराचार्य की जमानत मंजूर करके योगी महाराज की इच्छा पूर्ण नहीं होने दी। अब योगी महाराज का श्राप किसके ऊपर टूटेगा। समय आने पर ही पता लगेगा। अभी तो ऐसा लग रहा है। शंकराचार्य का श्राप योगी महाराज को लग गया है।

### तमिलनाडु में सीटों का बंटवारा

तमिलनाडु में इंडिया गठबंधन के डीएमके और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। इंडिया गठबंधन में 26 राजनीतिक दल शामिल हैं। किसी भी राज्य में यह राजनीतिक दलों का सबसे बड़ा गठबंधन है। डीएमके 165 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 28 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 24 राजनीतिक दलों मे 41 सीटों का बंटवारा हुआ है। तमिलनाडु की 234 सीटों पर 23 अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा। गठबंधन को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच अटकलों का दौर चल रहा था। जो अब समाप्त हो गया है।

# युगों-युगों तक मार्गदर्शन करेगी भगवान महावीर की अमृतवाणी



योगेश कुमार गोयल

## महावीर जयंती अवसर पर विशेष



'अहिंसा परमो धर्मः' का अमर संदेश देने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन आज के अशांत, तनावग्रस्त और संघर्षपूर्ण समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। आधुनिक युग में मनुष्य प्रगति की अंधी दौड़ में नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। स्वार्थ, लोभ और प्रतिस्पर्धा ने उसे इस हद तक प्रभावित कर दिया है कि वह अपने हित के लिए हिंसा और अनैतिकता को भी उचित ठहराने लगा है। ऐसे समय में महावीर स्वामी का अहिंसा, संयम और करुणा पर आधारित दर्शन मानवता को एक नई दिशा देता है और उसे आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है। भगवान महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक जीव समान है और हर प्राणी में आत्मा का वास है। उन्होंने 'जीओ और जीने दो' का जो सिद्धांत दिया, वह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने व्यवहार और आचरण में ऐसी संवेदनशीलता विकसित करें, जिससे किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचे। उनका यह विचार कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि तक में जीवन है।

आज के पर्यावरणीय संकट के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। जब पृथ्वी प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संकट से जूझ रही है, तब महावीर का यह संदेश हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान करता है। महावीर स्वामी ने कर्म के सिद्धांत को भी अत्यंत स्पष्टता से समझाया। उनका मानना था कि मनुष्य स्वयं अपने कर्मों के लिए जिम्मेदार है और वही उसके भविष्य का निर्धारण करते हैं। कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से बच नहीं सकता। जो जैसा करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है। यह सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मनुष्य को उत्तरदायित्व और सजगता का बोध कराता है। उन्होंने यह भी सिखाया कि धर्म बाहरी आडंबरों में नहीं बल्कि आत्मा की पवित्रता में निहित है। अहिंसा, सत्य, संयम और तप ही धर्म के वास्तविक लक्षण हैं। क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे दोष मनुष्य के सभी गुणों का नाश कर देते हैं। इसलिए जो व्यक्ति अपने जीवन में शांति और संतुलन चाहता है, उसे इन विकारों का त्याग करना चाहिए। महावीर का यह संदेश आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत उपयोगी है, जहां मानसिक अशांति और असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है।

महावीर स्वामी ने समानता और मानवता का भी अद्वितीय संदेश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यदि कोई उच्च कुल में जन्म लेकर भी बुरे कर्म करता है तो वह श्रेष्ठ नहीं हो सकता जबकि निम्न कुल में जन्म लेने वाला व्यक्ति यदि सदाचार और सद्विचार अपनाता है तो वह सम्मान का अधिकारी है। यह विचार सामाजिक समरसता और समानता की नींव को मजबूत करता है। उनकी दृष्टि में सेवा भी सर्वोच्च धर्म है। रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा को उन्होंने ईश्वर की सेवा से भी बढ़कर बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों समान रूप से मुक्ति के अधिकारी हैं, जो उनके प्रगतिशील और समतामूलक विचारों को दर्शाता है। आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भगवान महावीर की अमृतवाणी हमें आत्मशुद्धि, सह-अस्तित्व और शांति का मार्ग दिखाती है। यदि हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन और शांति स्थापित हो सकती है बल्कि समाज में भी सद्भाव, करुणा और अहिंसा की स्थापना संभव है।

# इजरायल-ईरान संघर्ष भारत की 'नीति' कितनी सामयिक, प्रासंगिकता एवं प्रभावी?

राजीव खंडेलवाल

मध्य-पूर्व एक बार फिर वैश्विक अस्थिरता के केंद्र में है। ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम पर चल रही बातचीत निर्णायक चरण में पहुँचती दिख रही थी। जैसा 26 फरवरी को ओमान के विदेश मंत्री द्वारा 'महत्वपूर्ण प्रगति' की बात कही गई थी। तब अचानक 28 फरवरी को अमेरिका द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई ने पूरे समीकरण को ही बदल दिया। इसे 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' कहा गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उक्त ऑपरेशन का उद्देश्य ईरान के परमाणु मिसाइल कार्यक्रम को निष्क्रिय करना, क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करना तथा तथाकथित 'प्रतिरोध नेटवर्क' को कमजोर करना बताया। मीडिया में दावा किया गया कि यह सैन्य कार्रवाई अमेरिका ने ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर जो ट्रंप प्रशासन में विशेष शांति दूत की भूमिका में है, विदेश मंत्री व रक्षा मंत्री की सलाह पर इजरायल के कहने से की गई। परन्तु लगभग 27 दिनों के संघर्ष के बाद भी ''कोई भी लक्ष्य'' की स्पष्ट प्राप्ति नहीं हो सकी है। उलटे, अमेरिका द्वारा ''अनावश्यक लादे गए'' इस युद्ध ने विश्व को एक ऐसे संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है, जहाँ से निकलने का मार्ग अभी धुंधला दिखाई देता है।

इस युद्ध की एक उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि ईरान ने ''प्रत्यक्ष आक्रामकता'' के बजाय रक्षात्मक प्रतिरोध का उद्देश्य सामने रखकर 'प्रतिक्रियात्मक रणनीति' अपनाई। ईरान ने ''पहले'' हमला करने से परहेज किया और हर सैन्य ''आक्रमण'' कार्रवाई का ''प्रत्युत्तर'' उसी ''अनुपात'' में देने की नीति अपनाई। उसने युद्ध को पूर्ण विस्तार लेने से कुछ हद तक रोके रखा। ट्रंप से मिली हमलों की धमकियों के मामले में भी ईरान ने यही नीति अपनाई। सैन्य संघर्ष का प्रभाव केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित न रहकर वैश्विक स्तर पर होकर फैल रहा है। कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति पर दबाव, होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात में बाधा, वैश्विक महंगाई में संभावित वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अस्थिरता, भारत सहित अधिकांश देश इस प्रभाव व दुष्परिणाम से अछूते नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संसद में स्वीकारा ''यह संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है''। भारत के संबंध अमेरिका, इजरायल, और ईरान तीनों से ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण व अच्छे रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री मोदी के जमाने में इजराइल व अमेरिका से प्रगाढ़ व प्रेसीडेंट ट्रंप से बेहद व्यक्तिगत संबंध स्थापित हुए हैं, जिसने रूस-भारत संबंध को भी एक कदम पीछे छोड़ दिया। प्रधानमंत्री मोदी जब पिछली बार वर्ष 2016 में ईरान गये थे, तब उन्होंने यह कहा था कि दोनों देशों की दोस्ती ''नई'' नहीं है, बल्कि ''इतिहास जितनी पुरानी'' हैं। भारत के व्यापारिक फायदे के लिए चाबहार बंदरगाह विकास, व्यापार-परिवहन ट्रांजिट समझौते हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार ''डायलॉग और डिप्लोमेसी'' से शांति की कूटनीति अपनाने की अपील की है। यद्यपि इसके पीछे शायद उनकी सोच वहां रह रहे एक करोड़ से अधिक भारतीयों की सुरक्षा व उर्जा आपूर्ति रही है। ''आक्रमणकारी'' अमेरिका के ईरान पर किए हमले की प्रधानमंत्री ने ''आलोचना'' नहीं की, जो करनी चाहिए थी। खासकर तब, जब वे ''गल्फ देशों'' में स्थित अमेरिका के सैन्य अड्डों पर ईरान की बमबारी की आलोचना कर रहे है। तब मोदी निष्पक्ष नहीं दिख सके। स्पष्ट है, इस कारण वे देश के विपक्ष की आलोचनाओं का शिकार भी हुए प्रधानमंत्री का टीवी 09 समिट में दिया गया यह कथन कि भारत ने फैसले लेने का ''सार्मथ्य'' दिखाया है, स्वीकार योग्य नहीं है, क्योंकि वह तथ्यों के विपरीत है। वस्तुतः भारत की विदेश नीति में परंपरागत रूप से ''रणनीतिक स्वायत्तता'' पर आधारित रही है। परन्तु वर्तमान में इसका अभाव सा दिखता है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा का पत्रकार वार्ता में भारत के चुने हुए लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना ''साहब बीबी और गुलाम'' पोस्टर का इस्तेमाल कर उन्हें ''गुलाम'' कहना बेहद ''शर्मनाक'' है। इसे किसी भी रूप में कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

सुविचार

मन एक भीरु शत्रु है जो सदैव पीठ के पीछे से वार करता है।

**- प्रेमचंद**

मौन और एकान्त, आत्मा के सर्वोत्तम मित्र हैं।

**- विनोबा भावे**

प्रसंगत

### धर्म का अर्थ

किसी गांव में एक सेठ रहता था। वह प्रतिदिन मंदिर जाता, देव प्रतिमा की अर्चना-उपासना करता, वहां घी का एक दीपक जलाता और घर आ जाता। यह क्रम पूरा होने के बाद ही उसकी दिनचर्या शुरू होती। वह शाम तक अपने व्यवसाय में लगा रहता। उसी गांव में एक निर्धन व्यक्ति भी था। ईश्वर, धर्म और पूजा-पाठ में उसकी पूरी आस्था थी लेकिन वह मंदिर में जाकर दीप जलाने के नियम का पालन नहीं कर पाता था क्योंकि मंदिर में घी के अलावा कोई और दीप जलाने का चलन ही नहीं था। इसलिए वह सरसों के तेल का एक दीपक जलाकर नित्य अपनी गली में रख देता था। वह अंधेरी गली थी और शाम होने के बाद कई लोग वहां से आते-जाते थे। उन्हें दीपक की रोशनी में सड़क पर चलने में काफी सुविधा होती थी। रात का पहला पहर बीत जाने के बाद जब दीपक बुझ जाता तो उस गली में लोगों का आना-जाना भी बंद हो जाता। यह सिलसिला सालों तक चलता रहा। न तो मंदिर में दीपक जलाने वाले सेठ का नियम टूटा और न ही गली में तेल का दीपक जलाने वाले निर्धन व्यक्ति का। दोनों वृद्ध हो गए। मर कर जब वे यमलोक पहुंचे तो सेठ को निम्न स्तर की स्थिति और सुविधाएं दी गई जबकि निर्धन व्यक्ति को उच्च श्रेणी की सुविधाएं। यह व्यवस्था देख सेठ ने यमराज से पूछा, 'यह भेद क्यों, जबकि मैं भगवान के मंदिर में घी का एक दीपक जलाता था।

जरा हटके

# एआई से लेकर बायोटेक तक अमेरिका-चीन में बढ़ा टकराव

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** हाल ही में वॉशिंगटन में आयोजित हिल एंड वैली फोरम में वरिष्ठ नेताओं ने चीन की तकनीकी बढ़त को रोकने के लिए बहुआयामी रणनीति पर जोर दिया। इस रणनीति में सख्त एक्सपोर्ट कंट्रोल, घरेलू निवेश को बढ़ावा और सहयोगी देशों के साथ मजबूत तालमेल शामिल है। अमेरिका और चीन के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा अब केवल तकनीकी दौड़ नहीं रह गई है, बल्कि इसे एक 'नैतिक संघर्ष' के रूप में भी देखा जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दौरान तेज हुई इस रणनीतिक प्रतिस्पर्धा को लेकर अमेरिकी सांसदों ने गंभीर चिंता जताई है और इसे वैश्विक शक्ति संतुलन व आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा अहम मुद्दा बताया है। रिपब्लिकन सीनेटर जिम बैंक्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रतिस्पर्धा को सीधे भू-राजनीतिक संदर्भ में रखते हुए कहा कि यह एक नए 'शीत युद्ध' जैसा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका को हर हाल में इस दौड़ में आगे रहना होगा और चीन को इसमें जीतने नहीं देना चाहिए। बैंक्स ने ट्रंप प्रशासन के एआई एक्शन प्लान का हवाला देते हुए बताया कि इसमें चीन और अन्य प्रतिद्वंद्वी देशों को उन्नत सेमीकंडक्टर चिप्स तक पहुंच से रोकने के लिए कड़े निर्यात नियंत्रण प्रस्तावित हैं।

उन्होंने अपने प्रस्तावित 'गेन एआई एक्ट' का भी जिक्र किया, जिसका उद्देश्य इन प्रतिबंधों को और सख्त बनाना है। यह विधेयक राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम के हिस्से के रूप में सीनेट में पारित हो चुका है। बैंक्स के अनुसार, अमेरिका को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी तकनीक उसके विरोधियों को मजबूत न करे। इस मुद्दे पर हाउस सिलेक्ट कमेटी ऑन चाइना के चेयरमैन जॉन मूलेनार ने भी कड़े रुख की जरूरत पर बल दिया। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि पारंपरिक रूप से अमेरिका मुक्त व्यापार और नवाचार की स्वतंत्रता का समर्थक रहा है, लेकिन चीन के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए अब नई रणनीति अपनानी होगी।

फोटो ऑफ द डे



वेंकुवूर में चेरी ब्लोसम समारोह के अवसर पर पालतु पशुओं के लिए आयोजित परेड में अपने कुत्ते को दिखाती हुई एक महिला।

व्यंग

# रामू! जरा चाय पिलाओ

अनूप शुक्ला

गर्मी का मौसम बदस्तूर जारी है। बारिश आई लेकिन हाँफते हुए। लगता है बादलों का पानी रास्ते में बिचौलिए ले उड़े। या फिर बादलों को लग रहा होगा कहीं उन्हें धरती पर सम्मानित न कर दिया जाए इस डर से तमाम बादल रास्ते से कट लिए। इन्द्र भगवान हलकान हैं। उनको तमाम इलाकों से बारिश की प्रार्थनाओं के पैकेज मिले थे। कई भगवानों ने सिफ़ारिशें की थीं कि फ़लाँ इलाके में एक बादल ज़्यादा पानी गिरा देना वहाँ हमारा भक्त रहता है। भक्त भगवान से विनती करते हुए कई बार चेतावनी दे चुका है- अबकी पानी न बरसाया तो दूसरा भगवान ज्वाइन कर लूँगा। ऐसे भगवान का क्या फ़ायदा जो मौके पर बारिश भी न करा सके। हमें कमी नहीं है भगवानों की। आप अकेले नहीं हैं। करोंड़ों भगवान हैं।

रोज़ फ़ोन आते हैं मोबाइल पर। सस्ती प्रार्थना दर पर भगवान की सेवाएँ प्राप्त करें। किसी ने इन्द्र भगवान को बादलों पर आयोग बैठाने की सलाह दी। लेकिन उनको पता चला कि आयोग बैठ जाता है और साथ में जाँच को बैठा लेता है। जाँच और आयोग सालों तक बैठे रहते हैं। कुछ नहीं करते। बैठे-बैठे दोनों बालिग हो जाते हैं। बालिग लोगों को आपसी सहमति से जो मन आए वो करने की छूट है इसलिए जाँच और आयोग के मामले में कोई कुछ बोलता भी नहीं। बहुत हल्ला मचाओ तो एक ठो रिपोर्ट पैदा करके थमा देते हैं! जाँच और आयोग मिलकर असलियत की ज़मीन पर रिपोर्ट की फ़सल उगाने का काम करते हैं। इसलिए इन्द्र भगवान असलियल जानने के लिए बादलों से बात करते हैं। बादल-बादल, बदली-बदली पूछताछ करते हैं। उनके पास अपने बहाने हैं। कोई बादल कह रहा है कि उसके पास पानी ज़्यादा है। ले जाने के लिए कुली बादल दिया जाए। भगवान टोंकते हैं सालों से तुम खुद अकेले बरसने जा रहे हो और आज क्यों तुम्हें कुली बादल चाहिए? बादल ने सूचना दी कि अब उसका प्रमोशन हो गया है और उसे नियमानुसार पानी उठाकर ले जाने के लिए कुली बादल चाहिए। इन्द्र भगवान उसे बहला रहे हैं, ''यार लेते जाओ पानी। जैसे पहले बरसते आए वैसे बरस आओ। कुली के पैसे क्लेम कर लेना।

हम बिल पास करवा देंगे। बादल अपने पिछले बिल के अभी तक पास न होने का उलाहना देता है। इन्द्र भगवान उसे आश्वासन देते हैं कि जल्द ही उसे पास करवा देगे और आगे बढ़ते हुए बिल क्लर्क को चाय-पानी करवा देने की समझाइश देते जाते हैं। दूसरा बादल अपनी परेशानियाँ बताता है कि उसके साथ की बदली उसको छेड़ती है और रास्ते भर कहती है- तुम तो बादल लगते ही नहीं हो। कित्ते क्यूट हो। कहाँ बरसने के लिए पानी लिए जा रहे हो। ये पानी मुझे दे दो न! हमें अपना मेकअप छुड़ाना है। इन्द्र भगवान उसको समझाते हैं- असल में वो वाली बदली शापग्रस्त अप्सरा है। मेकअप करने और छुड़ाने के अलावा उसे और कुछ आता नहीं। तुम्हारे साथ इसीलिए लगाया कि तुम जैसे रूखे-सूखे के बादल के साथ रहेगी तो कुछ बरसना भी सीखेगी। वैसे भी वो एक साल के लिए ही शापित है। इसके बाद फिर उसे महफ़िलों में सजना है। न जाने कितने देवताओं को प्रिय है। कइयों की मुँहलगी है।

चिंतन-मनन

### कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है।

वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है। यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है। एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती

स्वास्थ्य

# स्वस्थ व्यक्ति को दिनभर में 7 से 8 गिलास पानी पीना जरूरी : विशेषज्ञ

**पेरिस (ईएमएस)।** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का माना है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं, खासकर पानी पीने जैसी बुनियादी आदत को। दिनभर पर्याप्त पानी न पीने की वजह से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है, जो धीरे-धीरे कई गंभीर बीमारियों का कारण बन जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, शरीर का बड़ा हिस्सा पानी से बना होता है, इसलिए इसका संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। डॉक्टरों की सलाह है कि एक स्वस्थ व्यक्ति को दिनभर में कम से कम 7 से 8 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर डिटॉक्स रहता है, पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है और शरीर के सभी अंग सुचारु रूप से कार्य करते हैं। इसके विपरीत, जब शरीर को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो इसका असर सीधे आंतरिक प्रणाली पर पड़ता है और कई स्वास्थ्य समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि शरीर समय-समय पर पानी की कमी के संकेत देता है, लेकिन लोग अक्सर इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। यही लापरवाही आगे चलकर डिहाइड्रेशन का कारण बनती है। इसके शुरुआती लक्षणों में मुंह और त्वचा का सूखना शामिल है। इसके अलावा, यूरिन का रंग भी पानी की कमी का अहम संकेत होता है। यदि यूरिन गहरे पीले रंग का हो, तो यह दर्शाता है कि शरीर को अधिक पानी की जरूरत है।

# तुर्की पर मिसाइल से हमला-ईरान ने किया इंकार, फाल्स फ्लैग ऑपरेशन की आशंका



**इस्तांबुल।** तुर्की में हाल ही में एक मिसाइल हमले की खबर सामने आई, जिसे नाटो के एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट किया। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में इसे ईरान से दागे जाने का दावा किया गया था, लेकिन ईरान ने स्पष्ट रूप से इस बात से इंकार किया है। ईरान का कहना है कि उसने तुर्की या उसके पड़ोसी देशों पर कोई हमला नहीं किया है।

विश्लेषकों का मानना है कि अगर यह हमला ईरान की ओर से नहीं किया गया था, तो इसे फाल्स फ्लैग ऑपरेशन के तौर पर देखा जा सकता है। इसका उद्देश्य संभावित रूप से नाटो देशों को युद्ध में खींचना और क्षेत्रीय तनाव बढ़ाना हो सकता है। इस संदर्भ में अमेरिका और इज़राइल पर ऐसे साजिश के आरोप लग रहे हैं।

तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगान ने स्थिति को संभालते हुए कहा कि यदि कुर्दिश लड़ाके ईरान में हमले की योजना बनाते हैं तो तुर्की इसे गंभीरता से लेगा। उन्होंने किसी भी उकसावे या प्रतिक्रिया में संयम बरतने का संकेत दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि तुर्की, जो नाटो का सदस्य है, ने फिलहाल युद्ध में शामिल होने से खुद को अलग रखा है, ताकि क्षेत्रीय जटिलता और नाटो देशों की भागीदारी पर कोई दबाव न पड़े। मिडिल ईस्ट के पड़ोसी देश जैसे मिस्र और अज़रबैजान भी इस घटना पर सतर्क हैं।

यह घटना चौथी बार सामने आई है जब तुर्की पर कथित मिसाइल हमला हुआ है और सभी बार ईरान ने हमले से इंकार किया। इससे मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने की संभावना बनी हुई है।

## ईरान पर परमाणु हमले की गुप्त तैयारी का आरोप लगा मोहम्मद साफा ने दिया इस्तीफा

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक वरिष्ठ पूर्व राजनयिक मोहम्मद साफा ने अपने पद से अचानक इस्तीफा देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हड़कंप मचा दिया है। साफा ने अपने इस्तीफे के साथ एक खौफनाक दावा किया है कि यह वैश्विक संस्था ईरान में परमाणु हथियारों के संभावित इस्तेमाल से जुड़े एक गुप्त परिदृश्य की गुपचुप तरीके से तैयारी कर रही है। हालांकि, उनके इस सनसनीखेज दावे की अभी तक किसी स्वतंत्र स्रोत से पुष्टि नहीं हुई है और न ही संयुक्त राष्ट्र की ओर से इस पर कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आया है। मोहम्मद साफा संयुक्त राष्ट्र में पैट्रियॉटिक विजन ऑर्गनाइजेशन (पीवीए) के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थे, जिसे संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद के साथ विशेष सलाहकार का दर्जा प्राप्त है। साफा पिछले एक दशक से अधिक समय से इस संगठन से जुड़े थे और 2013 से इसके कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे।



इस्फहान में अमेरिकी हमला-2000 पाउंड के 'बंकर-बस्टर' बमों से ईरान के ठिकाने तबाह।

# जैश सरगना मसूद अजहर को लगा झटका, भाई और आतंकी मास्टरमाइंड ताहिर अनवर की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के भीतर उस समय हड़कंप मच गया जब इसके सरगना मसूद अजहर के बड़े भाई ताहिर अनवर की अचानक मौत की खबर सामने आई। ताहिर की मौत का कारण अभी भी रहस्य बना हुआ है। मसूद अजहर, जो पहले ही ऑपरेशन सिंदूर में अपने परिवार के कई सदस्यों को खो चुका है, उसके लिए ताहिर की मौत एक अपूरणीय क्षति मानी जा रही है।

ताहिर अनवर महज मसूद अजहर का भाई नहीं था, बल्कि वह जैश-ए-मोहम्मद के तमाम आतंकी मंसूबों का मुख्य रणनीतिकार और फ्रेमवर्क तैयार करने वाला मास्टरमाइंड था। 11 भाई-बहनों में सबसे बड़ा होने के कारण ताहिर का कद संगठन में बहुत ऊंचा था। साल 2000 में जैश की स्थापना के समय से ही उसने पर्दे के पीछे रहकर सैन्य मामलों की कमान संभाली थी। जहां मसूद अजहर सार्वजनिक रूप से जहर उगलने और संगठन का चेहरा बनने के लिए जाना जाता था, वहीं ताहिर ने कभी खुद को सार्वजनिक नहीं किया। वह बहावलपुर स्थित जैश के मुख्यालय मरकज उस्मान ओ अली से ही अपनी गतिविधियों को संचालित करता था।

आतंकी संगठन में ताहिर अनवर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उसे संगठन की रीढ़ माना जाता था क्योंकि आतंकियों की भर्ती से लेकर उनके प्रशिक्षण शिविरों के संचालन तक की पूरी जिम्मेदारी उसी के पास थी। हाल ही में ताहिर ने एक बेहद खतरनाक कदम उठाते हुए जैश की महिला आतंकी विंग जमात उन मोमिनत की शुरुआत की थी। वह इन महिलाओं को आतंकी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षित कर रहा था ताकि संगठन को एक नया और घातक विस्तार दिया जा सके। मसूद अजहर के लिए यह झटका इसलिए भी गहरा है क्योंकि पिछले वर्ष भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर में उसके परिवार के 10 सदस्यों सहित 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। उस समय मसूद के किले को संभालने में ताहिर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अब ताहिर की मौत के बाद जैश के भीतर उत्तराधिकार और कमान को लेकर आपसी जंग छिड़ने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

## चीन में निर्माणाधीन टनल में भीषण धमाका, 4 मजदूरों की मौत, 09 घायल

### ज्वलनशील गैस बनी विस्फोट का कारण, निर्माण कार्य रोका गया

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग क्षेत्र में एक निर्माणाधीन सुरंग में हुए भीषण विस्फोट ने चार मजदूरों की जान ले ली, जबकि 9 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा सोमवार दोपहर उस समय हुआ, जब एक राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के तहत सुरंग निर्माण का काम चल रहा था।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह सुरंग हुबेई और सिचुआन प्रांतों को जोड़ने के लिए बनाई जा रही थी। वानझोउ जिला परिवहन आयोग ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि मौके पर मौजूद कई मजदूर इसकी चपेट में आ गए। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद एक मजदूर लापता हो गया था और 12 लोग घायल बताए गए थे। बाद में बचाव दल ने मलबे से लापता व्यक्ति का शव बरामद किया, जबकि अस्पताल में इलाज के दौरान तीन अन्य घायलों ने दम तोड़ दिया। इस प्रकार मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई।

जांच में शुरुआती तौर पर सामने आया है कि सुरंग के भीतर ज्वलनशील गैस जमा हो गई थी, जिससे यह विस्फोट हुआ। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत तकनीकी जांच जारी है। घटना के बाद प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। साथ ही, सुरक्षा के मद्देनजर निर्माण कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

## वैचारिक मतभेदों पर खुलकर बोलीं उषा वेंस, पति के हर विचार से सहमत होना जरूरी नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेकंड लेडी उषा वेंस ने अपने पति और देश के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ अपने रिश्तों और वैचारिक भिन्नता को लेकर बेहद बेबाकी से अपनी राय रखी है। एक हालिया साक्षात्कार में उषा ने स्पष्ट किया कि एक पत्नी होने के नाते उन पर कभी भी अपने पति के सभी राजनीतिक विचारों या नीतियों से सहमत होने का कोई दबाव नहीं रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे पेशेवर तौर पर जेडी वेंस की टीम या स्टाफ का हिस्सा नहीं हैं, इसलिए हर मुद्दे पर दोनों की एक ही राय हो, ऐसी उम्मीद करना भी सही नहीं है।

उषा वेंस के अनुसार, एक दंपति के रूप में उनके बीच संवाद का स्तर बहुत खुला और पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि वे दोनों अक्सर विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हैं और एक ऐसी जीवनसंगिनी के तौर पर जो उनसे प्रेम करती है।




आईपीएल में आज होगा लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला।

# दिल्ली को जीत दिलाने अक्षर पटेल को निरंतरता लानी होगी: इरफान पठान



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर ऑलराउंडर और कप्तान अक्षर पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और अगर उन्हें अपनी टीम को जीत दिलानी है तो इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पठान के अनुसार पिछले सत्र में अक्षर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। पठान ने बताया है कि हाल के दिनों में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे बड़ी चिंता टीम के खिलाड़ियों का कमजोर प्रदर्शन रहा है। पठान ने किहा कि अक्षर पिछले सत्र के 12 मैचों में केवल 5 विकेट ले पाये और अन्होंने 263 रन बनाए। पठान ने कहा, पिछले साल अक्षर की गेंदबाजी में धार नहीं दिखी थी। उनका आत्मविश्वास हालांकि कप्तान बनने के बाद बढ़ा होगा पर अगर वह अपनी तरफ से नियमित रूप से विकेट लेते हैं, तो उनकी टीम हावी हो जाएगी क्योंकि उनकी टीम के पास कुलदीप यादव जैसा विकेट लेने वाला गेंदबाज है। इसके अलावा विपराज निगम जैसे उभारत हुआ खिलाड़ी है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कहा, आपको अक्षर और कुलदीप जैसी स्पिन-गेंदबाजी की जोड़ी कहीं और देखने को नहीं मिलेगी। आपको इसमें विपराज का नाम भी जोड़ना होगा। विपराज के साथ उनके पास दो ऐसे अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार दो विश्व कप जीते हैं। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों वाला ऐसा अनुभव आपको हर जगह नहीं मिलता। दिल्ली के लिए ये सकारात्मक बात है। कैपिटल्स ने पिछले सत्र की शुरुआत काफी अच्छी करते हुए लगातार चार मैच जीते थे। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स , सनराइजर्स हैदराबाद , चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी को हराया था पर उसके बाद मुंबई इंडियंस से हार गए और इससे टीम ने अपनी लय गंवा दी थी। यह टीम अपने पिछले 10 मैचों में से सिर्फ तीन ही जीत पाई और अंक तालिका में 5 स्थान पर रही। अब इस सत्र में टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। उसे अपना पहला मुकाबला 1 अप्रैल को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलना है। दिल्ली का लक्ष्य इस मैच को जीतकर अच्छी शुरुआत करना रहेगा।

## ओवर्टन ने धोनी का रिकार्ड तोड़ा

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे जैमी ओवर्टन ने आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 43 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के साथ ही पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का भी एक रिकार्ड तोड़ दिया। ओवर्टन के कारण ही सीएसके 100 रन से ऊपर पहुंची। टीम के 127 रनों में से 43 रन ओवर्टन ने बनाए और धोनी का आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 38 रनों के स्कोर को रिकार्ड भी तोड़ दिया। धोनी इस मैच में शामिल नहीं थे। वह चोट के कारण शुरुआती मैचों से बाहर हैं। इस मैच में टीम को एक बार फिर धोनी की कमी महसूस की। आईपीएल में सीएसके की ओर से धोनी ने अब तक 6 मैच नहीं खेल पाये हैं और इनमें से पांच मैचों में टीम हार है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह टीम के लिए कितने जरुरी हैं। जैमी ओवर्टन अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नंबर 8 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अभी तक यह रिकॉर्ड धोनी के नाम दर्ज था। धोनी ने साल 2024 में विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 37 रनों की पारी खेली थी, जबकि अब ओवर्टन ने 43 रन बनाए। इस ऑलराउंडर ने रन आउट होने से पहले 36 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की सहायता से 43 रनों की पारी खेली।



## शुरुआती मैच में मिली हार से निराश नहीं रुतुराज



**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के पहले ही मैच में मिली हार से सबक लेते हुए उनकी टीम वापसी करेगी। रुतुराज ने टीम का बचाव करते हुए कहा है कि सत्र की शुरुआत में गलती होना चल सकता है पर बाद में नहीं। अभी सत्र का पहला ही मैच हुआ है जिसमें मिली हार से टीम को काफी कुछ सीखने को मिला है। इसलिए टीम में पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव नहीं है। टीम आने वाले सत्र में प्रदर्शन के लिए तैयार है। वहीं मैच को लेकर उन्होंने कहा, मैं अधिक निराश नहीं हूं। इसका कारण है कि इस मैच की शुरुआत में हालात कठिन थे। हमारे टीम के लिए जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाज का सामना करना आसान नहीं था। तब स्पिनरों को भी विकेट से सहायाता मिल रही थी जिससे हालात और खराब थे। स्पिनर्स को भी मदद मिल रही थी।卐 उन्होंने हालांकि माना कि टीम बाद में बेहतर बल्लेबाजी कर सकती थी पर असफल रही। उन्होंने कहा कि हम मैच को अंत तक ले जान चाहते थे। हमारा लक्ष्य 150-160 तक पहुंचना था पर सफल नहीं रहे। उन्होंने माना कि टीम की बल्लेबाज विफल रही। पावरप्ले में टीम ने 41 रनों के अंदर तीन विकेट खो दिये थे जिससे उसपर दबाव आ गया था। पारी में कोई भी साझेदारी 40 रन तक नहीं पहुंच सकी जिससे टीम अच्छा स्कोर नहीं बनाने से हार गयी। एक के बाद एक विकेट गिरने से टीम को संभलने का अवसर ही नहीं मिला। इस मैच में टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रहे और उसने शुरुआत में ही रुतुराज और संजू सैमसन के विकेट गंवा दिये। वहीं युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे शून्य पर ही आउट हो गये। मध्य क्रम भी असफल रहा।

# एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम



**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप प्रो लीग से बाहर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजेता टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में खेलने का अवसर मिलता है।भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद से ही प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले कुछ समय में काफी अच्छा प्रदर्शन करती आ रही है जिससे उसे नेशंस कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं पुरूषों वर्ग टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की तैयारी जारी है।

## फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ले सकते हैं संन्यास

**टोक्यो।** जापान ग्रां प्री में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने से निराश फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ने कहा है कि वह अब अपने भविष्य को लेकर विचार कर रहे हैं। वर्स्टापेन के अनुसार सारी जिंदगी आप रेस नहीं कर सकते और जीवन में आगे भी काफी कुछ है। इससे माना जा रहा है कि वह आने वाले दिनों में संन्यास का फैसला कर सकते हैं। इस सत्र के नियमों से भी वह परेशान नजर आये। चार बार के विश्व चैंपियन वर्स्टापेन ने भी मान है कि जापान ग्रां प्री में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। सुजुका सर्किट पर 11वें स्थान से शुरुआत करने के बाद वह आठवें स्थान तक ही पहुंच सके। इस सत्र में नियमों और इंजन के ढांचे को लेकर भी वह नाराज दिखे। रेस के दौरान एक ऐसा पल भी देखने को मिला जब उनकी गाड़ी की बैटरी तकरीबन समाप्त हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक प्रदीप लारिया ने उठाई जनहित की आवाज

**सागर ( ब्यूरो )।** नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने सागर जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर मकरोनिया चौराहा और सदर (कैंट अस्पताल के समीप) स्थित अंग्रेजी शराब दुकानों को तत्काल प्रभाव से किसी गैर-रिहायशी क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग की है।

विधायक लारिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि मकरोनिया चौराहा सागर जिले का सबसे व्यस्त व्यावसायिक केंद्र और प्रवेश द्वार है। यहाँ शराब दुकान होने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे राहगीरों, विशेषकर छात्राओं और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रात्रि में 9 बजे के बाद चौराहे पर हेवी व्हीकल की एंट्री शुरू हो जाती है। ठीक उसी समय शराब दुकान पर भारी भीड़ उमड़ती है। वाहनों की आवाजाही और शराब के नशे में धुत लोगों की लापरवाही के कारण यहाँ कभी भी भीषण दुर्घटना हो सकती है। अनियंत्रित रूप से खड़े वाहनों के कारण आये दिन ट्रेफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। एम्बुलेंस और वाहनों को निकलने में भी भारी कठिनाई होती है।

### काली नृत्य के दौरान युवक की मौत, परिजनों ने बताया 'देवी की महिमा', नहीं कराया पोस्टमार्टम

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठारी में जावरा विसर्जन के दौरान काली नृत्य कर रहे एक युवक की अचानक मौत हो गई। घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, 29 मार्च को गांव में जावरा विसर्जन का पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। हर वर्ष की तरह इस बार भी कुछ युवक माता काली का स्वरूप धारण कर नृत्य कर रहे थे। जुलूस जब गांव के मुख्य चौराहे पर पहुंचा और काली नृत्य शुरू हुआ, उसी दौरान 38 वर्षीय राम गरीब कोल पुत्र प्रेम लाल कोल अचानक नृत्य करते-करते लड़खड़ा गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक ने खुद को संभालने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही क्षणों में वह जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। नौरोजाबाद थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी, लेकिन मृतक के परिजनों ने किसी भी प्रकार की पुलिस कार्रवाई या पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इस कारण थाने में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### नर्मदा तट पर औंधे मुंह सीढ़ियों पर मिला वृद्ध का शव, पुलिस जुटी जांच में

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक नगरी अमरकंटक में मंगलवार को मां नर्मदा तट पर 66 वर्षीय वृद्ध का शव संदिग्ध अवस्था में मिला।

जानकारी पर मौके में पहुंची अमरकंटक पुलिस ने शव का परिक्षण कर पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय भेज मर्ग कायम कर मामले को विवेचना शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मृतक नहाते समय सीढियों में पैर फिसलने से सिर पर चोट लगने से मृत्यु हुई हैं।

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नवीन तिवारी ने बताया कि मंगलवार की दोपहर 3=30 बजे नगर परिषद अमरकंटक के सफाई कर्मी रामघाट के दक्षिणी तट पर सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक वृद्ध व्यक्ति औंधे मुंह सीढ़ियों में पड़ा मिला, जिसका आधा शरीर पानी में और आधा बाहर था। तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों एवं अमरकंटक पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय के सहयोग से शव को बाहर निकाला। जिससे मृतक की पहचान 65 वर्षीय पुन्नू लाल यादव निवासी अमरकंटक के रूप में हुई है। जो मूलतः करंजिया, जिला डिंडोरी के निवासी थे और अमरकंटक में अपनी बेटी के साथ रहकर नारियल प्रसाद की दुकान चलाते थे। शव चिकित्सालय भेजा गया बुधवार को पोस्टमार्डम के बाद मृत्यु की सही जानकारी मिल सकेंगी।

बताया जा रहा है कि घटना के समय मृतक की बेटी किसी कार्य से डिंडोरी जिले में आयोजित कनकधारा कार्यक्रम मं शामिल होने गई हुई थी। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है, जिनके आने की प्रतीक्षा की जा रही हैं।

# राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ सागर द्वारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को फल वितरण




**सागर ( ब्यूरो )।** निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ सागर द्वारा तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर प्रातः 8 बजे से तीनबत्ती के पास श्री जी की सामूहिक आरती उतारी गई एवं जुलूस का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में 11 बजे से 1.30 बजे तक संघ के सदस्यों के द्वारा सागर रेलवे स्टेशन पर एक विशेष जन कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 4 ट्रेनों में फलों का वितरण किया गया। इस दौरान स्टेशन पर आने वाले और जाने वाले सभी यात्रियों को फल वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भगवान श्री महावीर स्वामी के %जियो और जीने दो% के संदेश को प्रतीकात्मक रूप से लोगों तक पहुँचाना और यात्रियों के सफर को सुखद बनाना है।

आज का दिन हमारे लिए एक अत्यंत पवित्र दिन है। यह दिन हमें भगवान श्री महावीर स्वामी जी के त्याग, संयम और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रेलवे स्टेशन पर फल वितरण का कार्यक्रम यात्रियों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उन्हें शांति व अहिंसा का संदेश देने का एक छोटा सा प्रयास है। जन -जन के श्री महावीर स्वामी के अहिंसा एवं सत्य के सिद्धांतों का सम्पूर्ण विश्व पालन कर ले तो कहीं पर भी युद्ध नहीं होंगे। शांति आ जाएगी राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ सागर अपने देश एवं विश्व में शांति, सौहार्द एवं स्थिरता की मंगल कामना करता है। इस अवसर पर सागर जैन समाज के गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी एवं संघ के सदस्यों ने कार्यक्रमों में शामिल होकर फल वितरण करवाने में सहयोग किया।

प्रमोद बारदाना, राजेश एडिना, चक्रेश सिंघई, प्रदीप जैन प्रियंका, महेश बाबा, प्रशांत सानौधा, अतुल विद्यासागर, आशीष जी अंकुश बहेरिया, मनीष बरकोटी, शुभम गुल्ली राहुल अमन प्रदुम्म, सचिन स्पोर्ट्स अतुल पठा समकित शैलेंद्र नरयावली, अंकित नेता, विशाल विजय जैन, जगती जी, पीयूष बारदाना, कैलाश टीला सोनू बाछल एवं समस्त राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ सागर।

# कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने लिया आशिर्वाद



**मैहर ( ब्यूरो )।** मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह का मैहर आगमन होने पर मां शारदादेवी के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। मां शारदादेवी के पुजारी रमेश पांडेय बमबम महाराज द्वारा जनजातीय कार्य मंत्री श्री शाह का विधि विधान से मां की पूजा अर्चना कराकर मां शारदादेवी से उनके दीर्घायु जीवन कि कामना की गई। कैबिनेट मंत्री विजय शाह पुजारी बमबम महाराज के साथ रोपवे से एक ही केबिन में बैठकर गए और दर्शन उपरांत दोनों एक साथ नीचे उतरे। बताया जा रहा है कि मंत्री विजय शाह से बमबम महाराज के करीब 30 वर्षों के बहुत ही अच्छे गहरे सम्बंध हैं।

# जनसुनवाई में पुलिस ने सुनी लोगों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश




**कटनी ( ब्यूरो )।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के क्रम में कल कंट्रोल रूम सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया ने भी आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया। उन्होंने प्रत्येक आवेदक की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में मुख्यतः पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेन-देन से संबंधित मामले, पुलिस द्वारा सुनवाई न होने की शिकायतें, भूमि/प्लॉट संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध एवं अन्य पुलिस से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।

पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने सभी आवेदकों को आश्वस्त किया कि कटनी पुलिस उनकी समस्याओं के निराकरण एवं सुरक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया सहित जिले के समस्त अनुभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आवेदकों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

# युवक के साथ मारपीट करने वाला आरपीएफ जवान निलंबित

### घायल कर्मचारी जिला अस्पताल में भर्ती



**कटनी ( ब्यूरो )।** कटनी साउथ स्टेशन के बाहर देर रात हुई एक हिंसक घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान राकेश द्विवेदी को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जवान पर साइकिल स्टैंड के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का गंभीर आरोप है।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरपीएफ जवान राकेश द्विवेदी ने स्टेशन के बाहर स्थित साइकिल स्टैंड के कर्मचारी से खाने-पीने का कुछ सामान मंगवाया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि जवान ने आपा खो दिया और स्टैंड कर्मचारी राहुल यादव व एक अन्य साथी के साथ जमकर मारपीट कर दी। स्टेशन परिसर जैसे व्यस्त इलाके में हुई इस मारपीट से वहां मौजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई।

आरपीएफ जवान की पिटाई से कर्मचारी राहुल यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे तत्काल रात में ही जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ मुख्यालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। अनुशासनहीनता और वर्दी की गरिमा को ठेस पहुँचाने के आरोप में जवान राकेश द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन अब मामले की विस्तृत जाँच कर रहा है।

# महिला पुलिस अधिकारियों ने वेश बदलकर पकड़ा रिश्वतखोर आरक्षक को

### तड़के 5 बजे ट्रैक्टर चालकों से रिश्वत ले रहा था, आरक्षक सस्पेंड

**कटनी ( ब्यूरो )।** बहोरीबंद में अवैध वसूली की शिकायतों के बाद महिला पुलिस अधिकारियों ने वेश बदलकर एक आरक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद टीआई अखिलेश दाहिया को हटाते हुए आरक्षक पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। फिलहाल बहोरीबंद थाने का प्रभार धनंजय पांडेय को सौंपा गया है। बताया जाता है कि एसपी को बहोरीबंद में अवैध वसूली की शिकायतें मिली थीं। जिसमे कहा गया था कि थाने के स्टाफ द्वारा वाहन चालकों से रुपयों की मांग की जाती है। ट्रेक्टर चालकों से 500 से 1 हजार रुपए तक वसूली की बात सामने आई थी।

ट्रेक्टर चालक की शिकायत के बाद एसपी ने प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम सुबह 5 बजे बहोरीबंद पहुंची। कार्रवाई को गोपनीय रखने के लिए अधिकारियों ने अपना वाहन बस स्टैंड पर खड़ा किया और खुद वेश बदलकर ट्रेक्टर में सवार हो गईं। उन्होंने ट्रेक्टर चालक को पहले से चिन्हित 500 रुपए की राशि दी और निर्देश दिया कि यदि कोई पुलिसकर्मी पैसे मांगे तो वही राशि दे। जैसे ही ट्रेक्टर स्लीमनाबाद मोड़ के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद बहोरीबंद थाने के मोबाइल वाहन चालक आरक्षक लक्ष्मण पटेल ने वाहन को रोक लिया। उसने चालक को कार्रवाई का डर दिखाते हुए 500 रुपए की रिश्वत ली। इसके बाद महिला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आरक्षक को रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी की गई। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया के खिलाफ पहले से कई शिकायतें थीं। आरोप था कि थाने में आम लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं किया जाता था और अवैध वसूली की जा रही थी।

#### इनका कहना है

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने चेतावनी दी है कि जिले में किसी भी प्रकार की भ्रष्ट गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ अन्याय करने वाले पुलिसकर्मियों पर सत से सत कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई ने यह संदेश दिया है कि पुलिस विभाग के भीतर भी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सत कदम उठाए जा रहे हैं।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**मैहर( ब्यूरो )।** गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि, बिजली दरों में बढ़ोत्तरी तथा पेट्रोल डीजल की कीमतों में उछाल के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आमजनो पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर चिंता जताई। प्रदर्शन उपरांत कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसे राज्यपाल के नाम प्रेषित किया गया। ज्ञापन में महंगाई को आम जनता के लिए गंभीर संकट बताते हुए त्वरित राहत की मांग की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं जिससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन अत्यंत कठिन हो गया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश मुन्ना प्रजापति ने कहा कि महंगाई ने आमजन का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है और जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तत्काल गैस सिलेंडर के दाम कम करनेए बिजली दरों को वापस लेने एवं पेट्रोल डीजल की कीमतों में राहत देने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी, रामभद्र पांडेय, अमजद खान सेवादल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्रा, नागेंद्रनाथ बड़गइयां, चूड़ामणि बढ़ोलिया, रामराज सिंह, अमृतलाल पटेल, केशव चौरसिया, मनीष पटेल, रामावतार चौरसिया, रामसिंह बुंदेला, गणेश तिवारी एवं दिनेश द्विवेदी आदि काफी कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर पुलिस अधिकारियों का किया गया सम्मान कंट्रोल रूम में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित

**सागर ( ब्यूरो )।** पुलिस कंट्रोल रूम सागर में कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक श्री दिनेश कुमार गुरु एवं कार्यवाहक प्रधान आरक्षक श्री बाला प्रसाद कटारे के सेवानिवृत्ति उपरांत एक गरिमामय एवं भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उइके एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर श्री लोकेश कुमार सिन्हा द्वारा दोनों अधिकारियों को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके दीर्घकालीन उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की गई। अपने संबोधन में डॉ. संजीव उइके ने कहा कि 卐पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण का माध्यम है। श्री दिनेश कुमार गुरु एवं श्री बाला प्रसाद कटारे ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ किया है।

# भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर 6 से 12 अप्रैल तक बूथ सम्मेलन, सेवा बस्ती दौरा, स्वच्छता अभियान और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान सहित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

### कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत ः लोकेन्द्र पाराशर

### 6 अप्रैल को जिले में पूरे उत्साह से मनाया जाएगा भाजपा स्थापना दिवस ः श्याम तिवारी




**सागर ( ब्यूरो )।** भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, विचार और समर्पण का एक विराट अभियान है। 6 अप्रैल का स्थापना दिवस हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गौरव, प्रेरणा और आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन हमें उन महान व्यक्तित्वों और कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और संघर्ष की याद दिलाता है, जिन्होंने संगठन को बूथ से लेकर देश के सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाया।卐 यह बात भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने संभागीय भाजपा कार्यालय सागर में आयोजित जिला पदाधिकारी बैठक को संबोधित करते हुए कही।

बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया।

बैठक को संबोधित करते हुए लोकेन्द्र पाराशर ने कहा कि भाजपा की पहचान सेवा, सुशासन और राष्ट्र प्रथम की भावना से है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और उसी के परिश्रम से आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज देश विकास, आत्मनिर्भरता और विश्व नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से आह्वान किया कि पार्टी स्थापना दिवस को केवल एक कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि संगठन को और मजबूत बनाने के संकल्प दिवस के रूप में मनाएं।

बैठक को संबोधित करते हुए श्याम ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। पार्टी के सभी कार्यक्रम बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से आयोजित किए जाएंगे और कार्यकर्ताओं की भागीदारी से आगामी कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

# केन्द्रीय विद्यालय मैहर में प्रवेश की अंतिम तिथि 2 तक

**मैहर ( ब्यूरो )।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि मैहर जिले में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से भारत सरकार द्वारा संचालित केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हो चुकी है। वर्तमान में यह विद्यालय यात्री निवास क्रमांक 3 वृद्धा आश्रम के सामने मैहर में संचालित होगा। केंद्रीय विद्यालय मैहर में कक्षा 1 से लेकर 5 तक के विद्यार्थियों का प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रारंभ है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2026 तक है। कक्षा एक में प्रवेश के लिए पंजीकरण ऑनलाइन ऐडमिशन पोर्टल के माध्यम से होगा। जबकि कक्षा 2, 3, 4 एवं 5 के लिए पंजीकरण ऑफलाइन माध्यम से अर्थात केंद्रीय विद्यालय मैहर के कार्यालय में ऑफलाइन फॉर्म लेकर के उसे जमा करना होगा। सभी अभिभावक विशेष रूप से ध्यान दें, क्यों कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2026 है। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की उम्र 31 मार्च 2026 को 6 वर्ष पूर्ण होना चाहिए तथा 7 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। ऑनलाइन पोर्टल में आवेदन भरते समय अभिभावक अपनी शासकीय सेवा का उल्लेख अवश्य करें। इसके लिए उन्हें प्रवेश केटेगरी का चयन करना होगा। इस बात में विशेष सावधानी बरतें क्योंकि केंद्रीय विद्यालयों में चयन अभिभावकों की शासकीय सेवा के आधार पर होता है। इसी तरह से जो अभिभावक ऋ्रझश्व के तहत प्रवेश लेना चाहते हैं वह एससी, एसटी, ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर, बीपीएल कार्ड अथवा ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जिस केटेगरी से वह संबंधित हो उसका उल्लेख ऑनलाइन फॉर्म में अवश्य करें।

कक्षा 2 से लेकर के 5 के लिए ऑफलाइन फॉर्म जमा करते समय इन प्रमाण पत्रों और अभिभावक की शासकीय सेवा से संबंधित सेवा प्रमाण पत्र को अनिवार्य रूप से संलग्न करें। कक्षा एक के लिए चयनित विद्यार्थियों की प्रोविजनल लिस्ट 9 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रदर्शित की जाएगी। कक्षा 2, 3, 4 एवं 5 के चयनित और वेट लिस्टेड स्टूडेंट की सूची संभवतः 13 अप्रैल 2026 को प्रदर्शित की जाएगी।

» न्यूज कैप्सूल »

## जनसुनवाई में युवक ने दबंगों से जान बचाने कलेक्टर से सुरक्षा मांगी

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में मंगलवार की जनसुनवाई में जमीन विवाद और सरकारी योजनाओं से जुड़ी कई शिकायतें सामने आईं। रामनगर क्षेत्र के एक युवक ने जहां दबंगों से अपनी जान बचाने की सुरक्षा मांगी, वहीं कलेक्टर ने कई आवेदनों पर सुनवाई कर अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

रामनगर थाना क्षेत्र के अविनाश मिश्रा ने एसपी को आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि ग्राम हर्रि में उनकी पट्टे की जमीन पर मोहन पनिका और उसके परिवार के लोग जबरन बाउंड्रीवॉल बना रहे हैं। अविनाश के अनुसार जब उन्होंने काम रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें बंदूक दिखाकर जमीन में दफनाने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि इस जमीन पर पहले से ही कोर्ट का स्टे ऑर्डर है, इसके बावजूद विरोधी पक्ष लगातार उन्हें डरा-धमका रहा है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात सुधार के संबंध में लिए गए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एसपी ग्रामीण यांगचेन भूटिया, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, अपर आयुक्त आकाश सिंह, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत प्रमुख रूप से पार्किंग स्पेस विकसित करने, प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न को फ्री करने तथा ब्लैक स्पॉट्स (दुर्घटना संभावित स्थलों) के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में ब्लैक स्पॉट्स की संख्या में कमी आई है, हालांकि कुछ नए स्थान चिन्हित हुए हैं, जिन पर सुधार कार्य जारी है।

## बिजुरी नगर में पेयजल समस्या को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, शीघ्र निराकरण की मांग

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के बिजुरी नगर में पेयजल व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य राम जी 'रिंकू' मिश्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं नगरवासियों के साथ मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिजुरी को ज्ञापन सौंप नगर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने तथा जलापूर्ति व्यवस्था में व्याप्त खामियों को तत्काल दूर करने की मांग की।

जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि बिजुरी नगर में सप्लाई किया जा रहा बहराबांध फिल्टर प्लांट का पानी अत्यधिक दूषित एवं गंदगीयुक्त है, जो पीने योग्य तो दूर, अन्य उपयोग के लायक भी नहीं है। नागरिकों ने फिल्टर प्लांट की समुचित सफाई कर शुद्ध पेयजल वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 15 में बहराबांध से भवानीहा फिल्टर प्लांट तक पाइपलाइन के ऊपर कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य पर आपत्ति जताई गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पाइपलाइन के ऊपर नाली निर्माण से भविष्य में लीकेज व प्रदूषण की आशंका बढ़ सकती है, इसलिए पाइपलाइन से अलग नाली का निर्माण कराया जाए।

## जनसुनवाई में दिखी प्रशासनिक संवेदनशीलता, कलेक्टर ने आमजन की समस्याएँ सुनकर किया त्वरित निराकरण

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर आमजन के लिए राहत का माध्यम बनी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया। शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के शासकीय शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा सतत जीवनशैली एवं जैविक खेती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव माहेश्वरी ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और सतत जीवनशैली अपनाएं। मुख्य वक्ता के रूप में पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज नर्मदापुरम के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ रवि उपाध्याय ने अपने व्याख्यान में सहानुभूति वायु गुणवत्ता सूचकांक तथा युवाओं की बदलती जीवनशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आधुनिक जीवनशैली में छोटे.छोटे सकारात्मक बदलाव करके पर्यावरण को सुरक्षित



रखा जा सकता है। इसके बाद कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदपुरा बनखेड़ी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजीव गर्ग ने जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रसायनमुक्त खेती के लाभ और उसकी उपयोगिता को समझाया। कार्यक्रम में पूर्व वायुसेना सार्जेंट अर्पित सोनी ने अपने अनुभव साझा करते हुए टेरेस गार्डनिंग पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कबाड़ सामग्री के उपयोग से छत पर सब्जियां उगाने के आसान तरीके बताए तथा तीन आर की अवधारणा को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने सब्जी घर में उगाओ और मौसमी फल खाओ का संदेश भी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पत्रिका एवं डॉ अनीता सेन द्वारा लिखित पुस्तक ग्रीन फाइनेंस का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अतिथिगणों द्वारा किया गया। इसके पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा इको क्लब की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया गया। अंत में वनस्पति विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी एवं रसायन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सतत जीवनशैली पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित एक वृहद रंगोली बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।

## सेरेब्रल बीमारी ग्रस्त मरीज के परिजन को कलेक्टर श्री कोचर ने दी सहायता राशि जनसुनवाई में पँहुचा था परिवार



**दमोह (ब्यूरो)।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पँहुचे अहिरवार परिवार को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई। आज आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री कोचर द्वारा मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 9600 रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। उन्होंने सबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करते हुए पेंशन प्रकरण के शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए। ज्ञात हो कि बरबासा निवासी लोकेन्द्र अहिरवार, जो सेरेब्रल बीमारी से ग्रसित हैं, शासन स्तर से उसकी केवाईसी पूर्ण न होने के कारण विगत 08 माह से दिव्यांगता पेंशन प्राप्त नहीं हो पा रही थी।

## नवनियुक्त एल्डर मेनो का किया स्वागत



**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगरपालिका के नवनियुक्त एल्डरमेनो का स्वागत सम्मान विधायक ठाकुरदास नागवंशी कार्यालय एवं मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर के निवास किया गया। इस दौरान नवनियुक्त एल्डरमैन राजेश जायसवाल, उदय दुबे, नागेश शुक्ला, नीरज साहू, लखन आनंदानी, श्रीमती सुनीता उदेनिया का पुष्प हार व मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान हुआ। मौके पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीना नवनीत नागपाल, वरिष्ठ नेता नवनीत नागपाल, पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, पूर्व जिला सतर्कता सदस्य अरविंद राय, भाजपामहिला मोर्चा जिलामंत्री ममता नागवंशी, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, कौशल्या ठाकुर, गोपाल दास दुदानी, मनोज शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, शिवकुमार स्थापक, पारस मालवी, देवेंद्र तिवारी, संजय माहेश्वरी सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समग्र शिक्षा अभियान में प्रतिनियुक्ति की विसंगतियों से बिगड़ रही शिक्षण व्यवस्था; मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने उठाई कार्यवाई की मांग

**दमोह (ब्यूरो)।** जिला शिक्षा केंद्र दमोह में कार्यरत एपीसी, बीएसी और जनशिक्षकों की वेतन व्यवस्था और प्रतिनियुक्ति में हो रही अनियमितताओं को लेकर शिक्षक संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। जिला सचिव प्रमेन्द्र कुमार जैन एवं जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार सेन ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र सौंपकर लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नियमानुसार समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत इन शिक्षकों का वेतन इसी अभियान के मद से होना चाहिए। किंतु, वर्तमान में इनका वेतन इनके मूल



विद्यालयों या संकुल केंद्रों से आहरित किया जा रहा है। इस कारण तकनीकी रूप से उन स्कूलों के पद 'भरे हुए' दिखाई देते हैं, जिससे वहां अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। रिक्त पदों पर भर्ती न होने से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों का शिक्षण कार्य सीधे तौर पर प्रभावित हो रहा है।

शिक्षक नेताओं का आरोप है कि वर्तमान में बीआरसी स्तर के आदेशों पर कई ऐसे अपात्र शिक्षक बीएसी और जनशिक्षक के पदों पर काबिज हैं, जो नियमों के विपरीत दो-दो जगहों का कार्यभार संभाल रहे हैं। संगठन के अनुसार, शिक्षक का कार्य पूर्णकालिक होता है, लेकिन इस दोहरी व्यवस्था के कारण न तो प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से हो पा रहा है और न ही स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बनी रह पा रही है। पारदर्शी काउंसलिंग और मूल शाला वापसी की मांग छात्र हित का हवाला देते हुए संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि नियम विरुद्ध संलग्नीकरण के आदेश तत्काल निरस्त कर शिक्षकों को उनकी मूल शाला भेजा जाए। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत रिक्त पदों पर शीघ्र पारदर्शी काउंसलिंग आयोजित कर योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो शैक्षणिक सत्र प्रभावित होने की जिम्मेदारी विभाग की होगी।

# कुर्मी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु बैठक संपन्न



**दमोह (ब्यूरो)।** मूहिक आदर्श विभाग सम्मेलन कुर्मी समाज द्वारा लक्ष्मण कुटी धाम में 20 अप्रैल 2026 को किया जाएगा जिसमें कुर्मी समाज के वर-वधु जोडों की अनुमानित संख्या 25 से 51 तक रहेगी साथ ही संपूर्ण जिले में यह परंपरा कई वर्षों पूर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला दमोह द्वारा चलाई गई थी जिसके परिणाम स्वरूप सरकारों ने भी इसका अनुसरण कर मुख्यमंत्री कन्यादान योजनाएं चलाईं और आज यह योजनाएं कारगर हुई इसी परंपरा को निभाते हुए सामूहिक आदर्श विवाह इस बार लक्ष्मण कुटी धाम में करने के उद्देश्य से एक बैठक आयोजित की जिसमें जिले के सभी सम्माननीय सामाजिक बन्धुओं की उपस्थिती मे समाज के जिलाध्यक्ष श्री चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह जी ने कार्यक्रम के संचालन हेतु इस कार्यक्रम का संयोजक श्री सुखनंदन पटेल पार्लर वालों को बनाया गया जिसमें सभी की पूर्ण सहमति रही इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष शिवचरण पटेल, लीलाधर पटेल, आचार्य रंजन पटेल, बटियागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष कुर्मी समाज कृष्ण कुमार पटेल सकतपुर चतन पटेल समन्ना गंगाराम पटेल कुशालपुर ,भारत पटेल पटेरा, राम लखन पटेल, गोवर्धन पटेल, पूर्व अध्यक्ष दमोह अशोक पटेल, लकी पटेल, उदयभान पटेल जनपद उपाध्यक्ष पथरिया खिलान पटवारी जी हंसमुख ,पुरुषोत्तम पटेल परबसपुरा ,बृजेश पटेल सरकार ,नरोत्तम पटेल सीता नगर, डीपी पटेल समन्ना ,दयाराम पटेल सरपंच ढिगसर,चदौरा, करैया आखखेड़ा के सरपंचों रहे द्वारका पटेल ,घनश्याम पटेल बालमुकुंद पटेल ,मोहन पटेल, मस्तराम पटेल, गणेश पटेल के साथ जिले के सभी गणमान्य जनों की उपस्थिति रही जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 20 अप्रैल 2026 दिन सोमवार को विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी कार्यक्रम रात्रि में आयोजित होंगे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुर्मी क्षत्रिय समाज को एकता के सूत्र में प्रोग्राम और वर्षों से चली और परंपरा को कायम रखना है बैठक का संचालन नरेश पटेल जनपद सदस्य ने किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह /निकाह का आयोजन न्यू गल्ला मंडी परिसर में 19 को

**पिपरिया (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह का आयोजन नगर के न्यू गल्ला मंडी परिसर में दिनांक 19 अप्रेल को आयोजित किया जायेगा। नगरपालिका सीएमओ रवि प्रकाश नायक ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत सामाजिक न्याय विभाग मध्यप्रदेश के योजनान्तर्गत कन्या एवं कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करने वाले धारक जरूरतमंद कन्या,विधवा,परित्यक्ता का सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के द्वारा दिनांक 19 अप्रैल 2026 को न्यू गल्ला मंडी परिसर में आयोजित किया जावेगा। जिसमें कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत वैवाहिक कार्यक्रम में कन्याओं को 49हजार रूपये का डायरेक्ट वेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से कन्या के खाते में राशि पंहुच जावेगी। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह संपन्न होने पर ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिया जावेगा। इच्छुक पात्र हितग्राही अपनी अपनी विवाह योग्य कन्या,विधवा,परित्यक्ता का सामुहिक विवाह निकाह में अपना पंजीयन हेतु नगर पालिका पिपरिया में 10 अप्रैल 2026 तक सायं 5 बजे तक पात्रता संबंधी समस्त दस्तावेजों सहित हेतु आवेदन जमा कर सकते हैं। 10 अप्रैल 2026 के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। विवाह पंजीयन आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज वर/वधु की नवीन परिवार समग्र आईडी एवं

कन्या का बचत खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में डीबीटी एवं केवायसी अनीवार्य होना चाहिए व पासबुक की फोटो कापी। आयु प्रमाण पत्र अंक सूची,जन्म प्रमाण पत्र। न्यूनतम आयु वर 21 वर्ष वधु की आयु 18 वर्ष। आवेदक व परिवार का मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद,वर वधु का आधार कार्ड । यदि कन्या अन्य निकाय की है तो आवेदन फार्म संबंधित निकाय के अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। वर के राशनकार्ड की फोटो कापी,वधु के बी पी एल राशन कार्ड की फोटो कापी,वर वधु की 3.3 कलर पासपोर्ट साईज फोटो। वर का शौचालय प्रमाणपत्र । यदि वधु कल्याणी हैं तो पूर्व पति का मृत्युप्रमाणपत्र ,यदि परित्यागता है तो तलाक सबंधी न्यायालयीन आदेश की छायाप्रति वर/वधु का समग्र से आधारके वाईसी होना अनीवार्य है। कन्या एवं कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हो साथ ही इनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिर्वाय होना चाहिये।

# बाबा साहेब डॉ आंबेडकर जी की जन्म जयंती की तैयारियों को लेकर डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक संपन्न

**दमोह (ब्यूरो)।** प्रतिवर्ष अनुसार आगामी 14 अप्रैल 2026 को संविधान के निर्माता विश्वरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जन्म जयंती की तैयारियों को लेकर कचौरा मार्केट स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में आयोजन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी की अध्यक्षता में सामाजिक रायशुमारी बैठक संपन्न हुई। जयंती की पूर्व संध्या 13 अप्रैल 2026 को विशाल वाहन रैली तहसील ग्राउंड में एकत्रित होकर शहर भ्रमण करेगी वाहन रैली



की अध्यक्षता अरविंद चौधरी करेंगे। 14 अप्रैल 2026 को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा समस्त वार्ड वस्तियों से आने वाले जुलूस व शोभायात्रा तहसील ग्राउंड में शाम 4 बजे एकत्रित होकर शोभायात्र शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली जाएगी। बैठक में प्रताप रोहित, भगवान दास चौधरी, हेतराम आदर्श, कृष्णा राज, प्यारेलाल भारती, सुरेश रोहित, डी.के धर्मेंद्र रोहित, हिम्मत भारती, मोहन आदर्श, पप्पू कसौटिया, गणेश जाटव, तरुण अहिरवार, अरविंद चौधरी, संजय रोहितास, धीरज कुमार, नवीन बौद्ध, नरेंद्र अहिरवार, टी आर जाटव, मोहनीश राव, के.के वर्मा, प्रकाश लारिया, सुबोध राही, अजय राज, एवं अनेक सामाजिक गणमान्य जनों की उपस्थिति रही

## पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, 12 घायल; दो की हालत गंभीर

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के लीमाचौहान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजुरियाघाटा में मंगलवार सुबह पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस झड़प में दोनों पक्षों के कुल 12 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रम विधियों का अध्ययन कर श्रम संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश में लागू श्रम कानूनों के स्थान पर एक समेकित श्रम संहिता बनाने के लिए 5 विधियों के लिए सूक्ष्म अध्ययन करने एवं उनको समेकित करने के उद्देश्य से मसौदा तैयार करने के लिए अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, सचिव विधि विभाग श्री मुकेश कुमार और श्री प्रियंक मिश्रा कलेक्टर धार को सदस्य जबकि श्री रघुराज राजेन्द्रन सचिव श्रम विभाग को सदस्य-सचिव मनोनीत किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति 30 दिवस में प्रारूप प्रस्तुत करेगी।

### खनन पट्टे के निष्पादन के लिए अनुपालन संबंधी समिति गठित

**भोपाल।** खनिज नीलामी खनिपट्टा एवं समेकित अनुज्ञप्ति के लिये नीलाम किये गये खनिज ब्लॉक के खनन पट्टे के निष्पादन संबंधी चरणों को पूरा करने के लिए समय-सीमा अनुपालन के लिए राज्य शासन द्वारा समिति का गठन किया गया है।

समिति में संचालक, संचालनालय भौमिक तथा खनिकर्म, भोपाल को अध्यक्ष बनाया गया है। क्षेत्रीय खान नियंत्रण, भारतीय खान ब्यूरो जबलपुर, राजस्व विभाग, वन विभाग, पर्यावरण विभाग और वित्त विभाग द्वारा नामांकित अधिकारी सदस्य होंगे। प्रभारी अधिकारी (ऑक्शन) संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल को सदस्य-सचिव नामित किया गया है।

# रोगियों के उपचार प्रयासों में सेवा भाव प्रमुख : राज्यपाल पटेल

### राज्यपाल ने की लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा मानवता की सेवा है। इससे आत्म संतोष मिलता है। प्रदेश को सिकल सेल और टी.बी. मुक्त बनाने के प्रयासों में सेवा भाव को सर्वोपरि होना चाहिए।

राज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को लोकभवन में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन 2047 एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा जवाहर खण्ड सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाएं और पात्रता आदि की समुचित जानकारी दें। प्रदेश स्तरीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शून्य से 40 वर्ष तक के व्यक्तियों की विशेष तौर पर जाँच करें। जाँच शिविरों में आमजन को बताएँ कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सिकल सेल एनीमिया का इलाज कवर होता है। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत सिकल सेल रोगियों के इलाज की जिलेवार समीक्षा की।

#### जन प्रतिनिधि पोषण आहार वितरण में करें सक्रिय सहयोग

राज्यपाल श्री पटेल ने बैठक में टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने स्थानीय जन




प्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विशेष कर जनजातीय क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि टी.बी. रोगियों को पोषण आहार वितरण में सक्रिय सहयोग करें। राज्यपाल श्री पटेल ने निक्षय मित्रों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में और अधिक निक्षय मित्रों को जोड़कर पोषण आहार वितरण को बड़ाने के प्रयासों पर बल देने के निर्देश दिए है।

#### खनन क्षेत्रों में भी कराएं टी.बी. की सघन जाँच

राज्यपाल श्री पटेल ने खनन क्षेत्रों में निवासरत और कार्यरत व्यक्तियों की टी.बी. जाँच कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सिकल सेल जाँच लक्ष्य एवं पूर्ति, जेनेटिक कार्ड वितरण, हाईड्राक्सी यूरिया की उपलब्धता, गर्भावस्था में माताओं और शिशुओं का सिकल सेल प्रबंधन, सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, आयुष्मान योजना का लाभ, दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरण, 125 दिवसीय सिकल सेल जागरूकता अभियान आदि विस्तार से समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति, सिकल सेल और टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के विभिन्न मानको को शत-प्रतिशत पूरा करने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री पटेल को आयुष विभाग के प्रमुख सचिव श्री शोभित जैन ने जिलेवार दवा वितरण, घर-घर दवाई वितरण, जाँच आदि कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। श्री जैन ने अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिलों में औषधि वितरण के विशेष प्रयासों और नवाचारों की जानकारी भी दी। राज्यपाल श्री पटेल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की उपलब्धियों, सघन स्क्रीनिंग, 100 दिवसीय निक्षय अभियान, निक्षय मित्र, पोषण आहार वितरण आदि की जानकारी दी। राज्यपाल श्री पटेल के निर्देशानुसार प्रारंभ किए गए अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में विद्यार्थियों की टी.बी. जाँच, परामर्श, उपचार आदि के बारे में भी बताया। बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण के अपर मुख्य सचिव श्री अशोक कुमार बर्णवाल, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, जनजातीय प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती मीनाक्षी सिंह, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं आयुष विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और लोकभवन के अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि बजट में 90 हजार करोड़ का प्रावधान, किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है सरकार: उप मुख्यमंत्री देवड़ा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाते हुए राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो किसानों के कल्याण और कृषि विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा मंगलवार को नीमच जिले के जावद में मंडी प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय जहर मुक्त जीरो बजट कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## मप्र में पेट्रोलियम पदार्थो की सतत आपूर्ति जारी, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध: खाद्य मंत्री राजपूत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि मध्य प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोलियम पदार्थों की सतत आपूर्ति जारी है।




मंत्री राजपूत ने मंगलवार को बताया कि एलपीजी के संबंध में प्रदेश के बॉटलिंग प्लांट्रेस में घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। घरेलू गैस उपभोक्ताओ द्वारा की गई बुकिंग के विरूद्ध एलपीजी सिलेण्डर का प्रदाय निरंतर रूप से किया जा रहा है। इसके साथ ही कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को शासन द्वारा तय किये गये प्राथमिकता क्रम अनुसार आवंटन प्रतिशत के आधार पर कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की सप्लाई सतत रूप से की जा रही है।






स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोन: 9131883521, ई-मेल: janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**